संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 20 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 310 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



भगवान सूर्य की उपासनाः छठ पर्व पर शाम को भगवान सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिला।

# ऑस्ट्रेलिया के सिर सजा छठी बार 'ताज'

## ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार जीता वनडे वर्ल्ड कपः फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराया, ट्रैविस हेड ने 120 बॉल पर 137 रन बनाए

**सपना टूटा**

**8 ट्रैविस हेड ने 137 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि मार्नस लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए**



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**भारत** को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में 6 विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस हार ने भारतीय फैंस को 2003 वर्ल्ड कप फाइनल की याद दिला दी। 20 साल पहले कंगारुओं ने हमें जोहनसबर्ग में 125 रन से हराया था।
अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने 137 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि मार्नस लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। इससे पहले, मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके, जबकि कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को 2-2 विकेट मिले।
**पावरप्ले-1 में ऑस्ट्रेलिया ने गंवाए 3 विकेटः** 241 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम ने पहले ही ओवर में 15 रन बना लिए। दूसरा ओवर फेंकने आए मोहम्मद शमी ने पहली ही बॉल पर डेविड वॉर्नर को स्लिप में कोहली के हाथों कैच करा दिया। नंबर-3 पर उतरे मिचेल मार्श ने तेजी से रन बनाए, लेकिन 5वें ओवर में उन्हें जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन पर भेज दिया। बुमराह ने 7वें ओवर में स्टीव स्मिथ को भी एलबीडब्ल्यू कर दिया। 47 रन के स्कोर 3 विकेट गंवाने के बाद भी टीम ने 10 ओवर में 60 रन बना लिए।
**भारतीय टीम 240 पर ऑलआउट, कोहली-राहुल की फिफ्टीः** अहमदाबाद के पीएम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 240 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम इंडिया इस वर्ल्ड कप में पहली बार ऑलआउट हुई है।



भारतीय टीम की ओर से विराट कोहली ने 54 और केएल राहुल ने 66 रन की पारी खेली। कप्तान रोहित शर्मा ने 31 गेंदों में 47 रन बनाकर भारत को तेज शुरूआत दी, लेकिन इस तेजी को बाकी प्लेयर जारी नहीं रख सके। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट लिए। पैट कमिंस को 2 विकेट मिले।
**डेथ ओवर्स में भारत ने 5 विकेट खोएः** डेथ ओवर्स में भारत ऑलआउट हो गया। आखिरी 10 ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाए रखा। इस दौरान सबसे बड़ा ओवर 8 रन का ही आया। 5 विकेट गिर जाने के बाद 42वें, 44वें और 45वें ओवर में विकेट खो दिया। इसके बाद सुर्यकुमार यादव के साथ ही बॉलर्स पर रन बनाने का दारोमदार आ गया।
लगातार विकेट गिरने के कारण भारतीय प्लेयर्स ज्यादा रन नहीं बना सके। सूर्या भी 48वें ओवर में आउट हो गए। टीम ने आखिरी 10 ओवर में 43 रन जोड़े और 5 विकेट खोए।

## विश्व कप जीतने पर ऑस्ट्रेलिया को मिले 33 करोड़


**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**विश्व** कप का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार विश्व कप को जीत लिया है। वह आठ साल बाद चैंपियन बना है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में खिताब पर कब्जा किया था। इस मैच को जीतने पर ऑस्ट्रेलिया टीम पर पैसों की बारिश हुई है। कंगारू टीम को 33.31 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, भारत को 16.65 करोड़ रुपये से संतोश करना पड़ा है।



आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्राइज मनी की घोषणा कर दी थी। उसने टूर्नामेंट में प्राइज मनी का बजट 83.29 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रखा था। इसमें से विजेता बनने वाली टीम को 33.31 करोड़ रुपये (चार मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिलेंगे। वहीं, फाइनल में हारनी वाली टीम को 16.65 करोड़ रुपये (दो मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिलेंगे।
**सेमीफाइनल और ग्रुप दौर में हारने वाली टीमों को भी मिले रुपयेः** सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6.66 करोड़ रुपये (800,000 अमेरिकी डॉलर) मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, ग्रुप दौर में बाहर होने वाली छह टीमों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और नीदरलैंड को भी पैसे मिले हैं। इन छह टीमों को 83.29 लाख रुपये (100,000 अमेरिकी डॉलर) मिले।

## कोहली के लिए स्वर्णिम साबित हुआ यह विश्वकप

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**अहमदाबाद** में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्वकप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए न्योता दिया। 11वें ओवर तक भारत के तीन बल्लेबाज आउट हो चुके थे जिसके बाद विराट कोहली ने एक बार फिर टीम की स्थिति को संभाला और शानदार अर्धशतक लगाया। कोहली ने 63 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली जिसमें चार चौके शामिल हैं। इस विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन




शानदार रहा है। टीम ने अब तक अपने सभी 10 मैच जीते हैं और अजेय रहकर फाइनल में जगह बनाई। जहां एक तरफ भारतीय बल्लेबाजी शानदार रही है, वहीं टीम इंडिया के तेज गेंदबाजों ने भी घातक प्रदर्शन किया है। भारत ने 2023 विश्व कप में दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में एकमात्र अपराजित टीम रही है।
**विराट ने 95.62 की औसत से रिकॉर्ड 765 रन बनाएः** इस विश्व कप में हर भारतीय बल्लेबाज ने रन बनाने के लिए तत्परता दिखाई है, जिससे भारत के स्कोरिंग रेट को अच्छे रन रेट से बढ़ाने में मदद मिली है। पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम में एंकर बैटर का किरदार निभाई है। उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए काफी समय दिया गया है और उनका काम बाकी बल्लेबाजों को अपने ईर्दगिर्द बल्लेबाजी कराना है। यही वजह है कि टीम इंडिया मध्य के ओवरों में ज्यादा विकेट नहीं गंवाई है।

## जजों की नियुक्ति में केंद्र का दखल कितना जरूरी?

**आज सुनवाई**

**8 कॉलेजियम से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई, पीठ करेगी मामले की सुनवाई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जजों की** नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से देरी के आरोप से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।
**केंद्र का हस्तक्षेप खलल पैदा करता है:** शीर्ष अदालत ने सात नवंबर को याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा था कि उच्च न्यायपालिका में कलेजियम की अनुशंसा वाले न्यायाधीशों की नियुक्ति में केंद्र का रवैया परेशानी पैदा करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने एक हाई कोर्ट से दूसरे हाई कोर्ट में स्थानांतरण के लिए अनुशंसित नामों के लंबित रहने पर भी चिंता जताई थी।

## सीएम खट्टर ने तीन छठ पूजा घाटों के निर्मा की घोष णा की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/पानीपत**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने छठ पर्व पर पूर्वांचलवासियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए पानीपत जिले में छठ पूजा के लिए समर्पित तीन घाटों के निर्माण की घोषणा की। इनके निर्माण पर 5 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री पानीपत में छठ पूजा महोत्सव के दौरान एक भारी जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा हेतु साफ पानी के लिए अवलाना डिस्ट्रीब्यूटरी पर 2 करोड़ रुपये की लागत से 700 फीट के घाट, असंध रोड पर थर्मल चैनल के पास



1 करोड़ रुपये की लागत से 300 फीट के घाट और बाबरपुर पुल के पास ड्रेन नंबर 2 पर 2 करोड़ रुपये के साथ 300 फीट का एक अन्य घाट का निर्माण किया जाएगा।
इसके अतिरिक्त, श्री मनोहर लाल ने महराना गांव की भूमि पर दो नहरों के बीच सूर्य मंदिर के निर्माण की भी घोषणा की। इस उद्देश्य के लिए गांव की जमीन के हस्तांतरण का कार्य प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री ने इस उद्देश्य के लिए भूमि के सफल हस्तांतरण के बाद बनने वाले सूर्य मंदिर के लिए 21 लाख रुपये के स्वैच्छिक **अनुदान की भी घोषणा की।**
**लगभग 300 स्थानों पर मनाया जा रहा छठी मईया का पवित्र पर्वः** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस पावन अवसर पर माताओं, बहनों और बेटियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी को छठ पूजा के पावन पर्व की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का यह पवित्र पर्व राज्य भर में लगभग 300 स्थानों पर मनाया जा रहा है, जिसमें लगभग 5 लाख लोग भाग ले रहे हैं।

**छठ महापर्व**

**8 5 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण, महराना गांव की भूमि पर नहरों के बीच स्थापित होगा सूर्य मंदिर**

## उनके पास ईडी है तो हमारे पास गारंटी हैः गहलोत

### 'लोकतंत्र की लड़ाई में दुश्मनी नहीं होती लेकिन हमारे दिल्ली वाली सरकार के लोग दुश्मनों की तरह बात करते हैं'



**टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू**
राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं। रविवार को उन्होने जिले के नवलगढ़ व खेतड़ी में जनसभा को सम्बोधित किया। खेतड़ी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील की। इसके साथ ही बीजेपी पर भी जमकर निशाना साधा। गहलोत ने सभा में ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए ईडी के छापों का जिक्र किया। सभा को संबोधित करते हुए सीएम गहलोत ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में दुश्मनी नहीं होती लेकिन हमारे दिल्ली वाली सरकार के लोग दुश्मनों की तरह बात करते हैं। ऐसे आरोप लगाते हैं दुश्मनों की तरह आरोप लगता है। मुझ पर, मेरे परिवार पर, पीसीसी अध्यक्ष पर ईडी के छापे पड़वा दिए। उनके पास ईडी है तो हमारे पास गारंटी हैश इनका लोकतंत्र में यकीन नहीं है। ये ईडी और सीबीआई का दुरुयोग कर रहे हैं। डरा धमकाकर राज कर रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजस्थान में प्रचार के लिए आ रहे बीजेपी के केंद्रीय नेताओं पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि योगी जी महाराज, असम के मुख्यमंत्री, नड्डा साहब, अमित शाह, मोदी जी पता नहीं जाने क्या क्या बोलकर जाते हैं।

## अब श्रमिकों को निकालने के लिए रोबोट का लेंगे सहारा

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**उत्तरकाशी** की निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे में फंसे 41 श्रमिकों को अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। और अब फंसे श्रमिकों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। आपदा सचिव डॉ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अब रोबोट की मदद ली जाएगी। सुरंग में मशीनों के इस्तेमाल से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलबा लगातार गिरने से रेस्क्यू में बाधा आ रही है। मंत्री नितिन गडकरी का कहना है, "पिछले



7-8 दिनों से हम पीड़ितों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उन्हें जल्द से जल्द बाहर निकालना उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार की प्राथमिकता है। बताया कि उन्होंने यहां काम करने वाले संबंधित अधिकारियों के साथ घंटे भर बैठक की है। हम छह वैकल्पिक विकल्पों पर काम कर रहे हैं और भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियां यहां काम कर रही हैं। पीएमओ से भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**रेस्क्यू**

**8 7-8 दिनों से हम पीड़ितों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, जल्द निकालना सरकार की प्राथमिकता**

## सुक्खू सरकार के एक साल की नाकामियों को चौक चौराहे पर बताएगी भाजपाः जयराम

**शिमला:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार का एक साल पूरे होने जा रहा हैं।
भाजपा सुक्खू सरकार की नाकामियों का जिक्र चौक चौराहे पर करेगी। उनका कहना है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अब तक का समय रोते-रोते यह कहते हुए गुजारा कि पिछली सरकार ने ऋण लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रविवार को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## स्वदेशी इंजनों से लैस होंगे वायु सेना के विमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आने** वाले दिनों में वायु सेना के लड़ाकू विमान स्वदेशी इंजनों से लैस होंगे। इसका संकेत डीआरडीओ प्रमुख डा समीर वी कामत ने दिया है। डीआरडीओ प्रमुख ने कहा कि एलसीए मार्क 2 और स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के पहले दो स्क्वाड्रन के इंजनों का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया जाएगा। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। समीर कामत



ने बताया, अमेरिका से हर प्रकार की मंजूरी मिल चुकी है। एलसीए मार्क 2 और स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट के पहले दो स्क्वाड्रन के इंजनों का उत्पादन भारत स्थित संयंत्र में किया जाएगा।

**भूमिका** 'नौसेना व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए अपने प्रयासों में निरंतर धैर्यवान बनी रहेगी'

## हिंद-प्रशांत में नौसेना की अहम भूमिका, समुद्री सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, खुले, नियम-आधारित और समावेशी हिंद-प्रशांत बनाए रखने में भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नौसेना व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए अपने प्रयासों में निरंतर धैर्यवान बनी रहेगी। सिनर्जिया कान्क्लेव 2023 में हिंद-प्रशांत की चुनौतियां और आगे का रास्ता विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, भारतीय नौसेना दोस्तों को साथ लाने और



समग्र समुद्री सुरक्षा के लिए आम चिंताओं को दूर करने के लिए एकजुट होकर कार्य करती है। हम बहुत ही प्रतिस्पर्धी वर्तमान से अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। नौसेना अपनी ओर से हिंद-प्रशांत में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए प्रयासों में निरंतर व धैर्यवान रहेगी। अगर नौसेना को भारत और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हितों को सुरक्षित रखना है तो समुद्र की सुरक्षा अनिवार्य हो जाती है।
कुमार ने कहा, हम मानते हैं कि कोई भी इसे अकेले नहीं कर सकता है और हमें समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ सहयोग करने की जरूरत है। भारतीय नौसेना समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए समान विचारधारा वाली नौसेनाओं के साथ सहयोग कर रही है। हम स्वतंत्र, खुले, नियम-आधारित और समावेशी हिंद-प्रशांत का समर्थन करते हैं, जहां किसी भी देश को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। हमारी विश्वसनीयता इस तथ्य से मजबूत हुई है कि हम रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भर हो रहे हैं, खासकर पोत निर्माण के मामले में।

**समुद्री क्षमता**

**8 नौसेना दोस्तों को साथ लाने, समुद्री सुरक्षा के लिए आम चिंताओं को दूर करने के लिए एकजुट होकर कार्य करती है**

## व्यावहारिक समाधान पर चर्चा करेंगे भारत-मालदीव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मालदीव में भारतीय सैन्य प्लेटफार्मों का उपयोग जारी रखने के लिए भारत और मालदीव व्यावहारिक समाधान खोजेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, माले में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच बैठक के बाद ये फैसला लिया गया। मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के एक दिन बाद रिजिजू ने उनसे मुलाकात की। मुइज्जू को चीन समर्थक नेता के रूप में देखा जाता है।
मालदीव के राष्ट्रपति के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मुइज्जू ने बैठक में भारत सरकार से मालदीव से अपने सैन्य कर्मियों



को वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया। मुइज्जू ने कहा है कि वह भारतीय सैन्यकर्मियों को अपने देश से बाहर निकालने का अपना चुनावी वादा निभाएंगे। बयान में कहा गया कि, राष्ट्रपति ने कहा कि सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मालदीव के लोगों ने इसके लिए मजबूत जनादेश दिया था और उम्मीद जताई कि भारत मालदीव के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। भारत सरकार के सूत्रों ने कहा कि बैठक में मुइज्जू ने चिकित्सा निकासी के लिए विमान संचालित करने और मादक पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करने के लिए मालदीव में मौजूद भारतीय सैन्य कर्मियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने मालदीव के नागरिकों की चिकित्सा सेवा में इस्तेमाल के लिए भारतीय हेलीकॉप्टरों और विमानों के योगदान को स्वीकार


**अनुरोध**

**8 मुइज्जू ने बैठक में भारत सरकार से मालदीव से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया।**

# जल्द जनता को समर्पित होगा अंबाला छावनी में निर्माणाधीन शहीद स्मारक

## शहीद स्मारक में कमल आकार के 207 फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर पर कमल आकार की जिंक शीट लगाने के कार्य का किया मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से अंबाला छावनी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहीद स्मारक जल्द ही जनता को समर्पित होगा। शहीद स्मारक के निरीक्षण के दौरान विज ने बताया कि शहीद स्मारक में सिविल वर्क का कार्य अंतिम चरणों में है और आगामी 20 नवंबर को इंटीरियर वर्क का टेंडर ओपन किया जाएगा। गृह मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक में कमल आकार के 207 फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर पर जिंक शीट लगाने के लिए बेस स्ट्रक्चर तैयार करने के कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने स्मारक में पार्किंग स्थल का



मुआयना किया। पार्किंग एरिया पर 450 कारों के खड़ा होने की क्षमता होगी जबकि एक फलोर बस पार्किंग के लिए होगा। उन्होंने अधिकारियों से पार्किंग स्थल को लेकर चर्चा की। इसके उपरांत उन्होंने स्मारक में झील का मुआयना किया और बताया कि यहां पर आने वाले लोगों के लिए नौका विहार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्मारक में झील के साथ ओपन एयर थियेटर होगा जहां दो हजार दर्शकों के एक साथ बैठने की व्यवस्था होगी।

उन्होंने बताया कि बड़ी स्क्रीन पर थियेटर में 1857 क्रांति को समर्पित डाक्यूमेंटरी भी रोजाना

**सुविधाएं**

8 गृह मंत्री ने स्मारक में झील का भी मुआयना किया जिसमें नौका विहार की सुविधा उपलब्ध होगी

दिखाई जाएगी।

**फूड कोर्ट के भी टेंडर जल्द आमंत्रित होंगे - विज**
गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि शहीद स्मारक में लोगों को खाने-पीने की बेहतर व्यवस्था हेतू फूड कोर्ट भी खोला जा रहा है।
फूड कोर्ट में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की फूड चेन खोली जाएगी ताकि बेहतर खानपान सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि फूड कोर्ट के भी टेंडर जल्द आमंत्रित किए जाएंगे।

**शहीद स्मारक में यह होगा आकर्षण का केंद्र**
इंटरप्रीटेशन सेंटर - सेंटर में वीआईपी रूम, शॉप्स, बच्चों के खेलने के लिए एरिया, रिसेप्शन, टॉयलेट ब्लॉक, कोर्ट यार्ड, वीआईपी मीटिंग हॉल, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल होगा।
दो मंजिला म्यूजियम - म्यूजियम गैलरी, ऑडियो विजुअल हॉल, लॉबी, आफिस एरिया, शहीदी वॉल वीआईपी एंट्रेंस होगी।
ओपन एयर थियेटर - 2 हजार लोगों के बैठने के लिए थियेटर, स्मारक में एग्जीबिशन हॉल, फूड कोर्ट, टॉयलेट ब्लॉक, रिर्हसल रूम, फिल्टरेशन रूम व अन्य सुविधाएं होंगी।

# श्री बालाजी के दरबार में मनोकामना होती है पूर्णः संदीप गर्ग

**भंडारा**

8 श्री बालाजी धाम मंडोखरा दरबार में 48वां विशाल भड़ारे का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** श्री बालाजी धाम मंडोखरा दरबार में 48वां विशाल भड़ारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुगण पहुंचकर भड़ारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश कौशिक ने धार्मिक प्रवचनों पे उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुगध किया। इस कार्यक्रम में नेता एवं प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की।श्री बालाजी मंडोखरा धाम के प्रमुख सेवक एवं विश्व हिंदू महासभा जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष गुरू राजेश कौशिक ने बताया कि इस बड़े आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति एंव लोगों की सुख समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करना है। जिसमें हरियाण पंजाब, दिल्ली सहित देश एंव विदेशों से भी संगतों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को बूराईयों से दूर रहकर श्री बाला जी की अराधना में समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हनुमान जी का व्रत रखने से वह सच्चे मन से हुनमान जी की पूजा करने से भक्तों के सारे सकंट दूर हो जाते है। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी दरबार मडोखरा में हर व्यक्ति के संकट का हरने का काम श्री बालाजी महाराज करते है। वहीं मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हमें समाज की भलाई में कार्य करना चाहिए। जो हमारे जीवन का सार्थक बनाते है। उन्होंने कहा कि हमें कभी भी किसी व्यक्ति को दुखी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी के दरबार में जो कोई भक्त सच्चे मन से मनो कामना मांगता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती।

# दो दिवसीय यूथ फेस्टिवल का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
उपायुक्त डॉ शालीन की अध्यक्षता में चल रहा दो दिवसीय जिला अम्बाला यूथ फेस्टिवल 2023 सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.जे. एम. अंबाला सौरभ गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरियाणा गौ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन डॉक्टर रोशन लाल रहे तथा समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रितेश गोयल थे। विभिन्न प्रतिस्पधाओं में प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरुस्कार वितरण किया ।
जिला अम्बाला यूथ फेस्टिवल में सोलो फोल्क डांस एण्ड सोलो फॉक सोंग, ग्रुप फॉक सोंग, ग्रुप फॉक डांस, फोटोग्राफी, जस्ट ए मिनट, डेक्लेमेशन, स्टोरी राईटिंग, थीमेटिक मिलेटस तथा अन्य एक्टिविटी के विजेताओं की टीमों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सम्मान**

8 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार वितरण किया

इस मौके पर प्रधानाचार्य कम मेंबर सैक्रेटरी राजकीय आईटीआई अम्बाला शहर भूपेन्द्र सिंह सांगवान, असिस्टेंट प्रौफसर राजेन्द्र देशवाल, जीएमएन कॉलेज अम्बाला छावनी, डॉ. अश्विनी भारद्वाज एचओडी कल्पना चावला पॉलीटेक्निक अम्बाला शहर, तजिन्द्र सिंह वालिया, मीनाक्षी, रेखा सरीन वाईसीओ, नेशनल यूथ्र अवार्ड विजेता सोहन लाल, विजय पाल, रूचि शर्मा, मधु रानी, रेखा रानी एवं राजकीय आईटीआई अम्बाला शहर व राजकीय आईटीआई महिला अम्बाला शहर के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# विज का जनता दरबार न होने के बावजूद भी रोजाना लगता है जनता का तांता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार बेशक आजकल आयोजित नहीं हो रहा है, मगर फिर भी उनके आवास पर रोजाना प्रदेश के कोने-कोने से जनता का तांता लगता है। आज प्रदेशभर से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को गृह मंत्री अनिल विज ने सुना और संबंधित अधिकारियों को सख्ती से कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए। यमुनानगर से आई महिला एवं उनके परिवारजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी उनकी 20 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से ले गया। आरोपी ने उनकी बेटी से अवैध संबंध बनाए और वह बेटी का धर्मांतरण भी कराना चाहता है। मामले को गंभीरता



से लेते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने तुरंत यमुनानगर एसपी को फोन पर सख्त हिदायत दी और मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने एसपी से कहा कि अपनी बेटी के लिए महिला भटक रही है और इस मामले में फौरन कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसी तरह, एक अन्य परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज से अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की। गृह मंत्री अनिल विज ने परिवार को अवगत कराया कि पुलिस सुरक्षा व गनमैन देना सीआईडी विभाग का काम है और यह विभाग उनके पास नहीं है, यह विभाग सीएम साहब के पास है। अमेरिका में छात्रा को कालेज में एडमिशन के नाम पर 28 लाख रुपए की ठगी, मंत्री विज ने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को सौंपी जांच करनाल से आए व्यक्ति ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसने अपनी बेटी को अमेरिका भेजने के लिए एजेंट से बातचीत की थी और करनाल के कुछ लोगों से संपर्क किया था। आरोपियों ने उन्हें झांसा दिया कि उनकी बेटी को स्टडी वीजा पर अमेरिका भेजने के लिए 32 लाख रुपए लगेंगे।

# पूजा घाटों पर उमड़ी पूर्वाचल की महिलाओं की भारी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हल्के हल्के संगीत की धुन पूरे छठ पूजा स्थल के वातावरण को संगीतमय बना रही थी। हजारों की संख्या में महिलाएं छठ पूजा महोत्सव के अवसर पर एनएफएल के पास निर्मित घाट में पूजा करने के लिए उत्साह पूर्व मौजूद थी। यह नजारा था रविवार को छठ पूजा महोत्सव का। पूजा अर्चना में महिलाओ की इतनी बड़ी संख्या उत्साह के साथ नया अध्याय लिख रही थी। रंग-बिरंगी पौशाकों को डाल करके महिलाएं पूजा अर्चना के लिए घाट पर पहुंची। मुख्य मंत्री मनोहर लाल व सांसद संजय भाटिया ने छठ मैया के जोरदार नारों को लगाकर पर्वांचल के लोगों का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री की जोरदार घोषणा से पूर्वांचल के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई व हाथ जोड़ कर सभी ने मुख्यमंत्री द्वारा कि गई घोषणाओं का स्वागत किया।
छठ पूजा महोत्सव में महिलाओं के घाटों पर पहुंचने का सिलसिला दोपहर से पूर्व ही शुरू हो गया था। घाट के दोनों तरफ छोटे-छोटे पूजा स्थल बनाये गए थे। जहां पूजा करने को पूवार्चंल की महिलाएं तैयार थी।

# जेजेपी पार्टी युवाओं के हित के लिए आखिरी दम तक लड़ेगी लड़ाईः बिजेंद्र करहंस

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हरियाणा में रोजगार कानून युवाओं के हित में है और युवाओं के हित की लड़ाई आखरी दम तक लड़ी जाएगी। जिसमें पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उक्त बातें जेजेपी पार्टी के हलका अध्यक्ष बिजेंद्र करहंस ने कही। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का सपना है कि



हरियाणा में कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे और प्राइवेट कंपनियों में हरियाणा के युवाओं को 75 प्रतिशत के हिस्सेदारी जरूर मिले। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सोच और नीतियों से ही हरियाणा में कई उधमियों ने अपने उद्योग स्थापित किया और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा सभी कंपनी मालिकों को हरियाणा में ही उद्योग चलाने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कहां की रोजगार कानून हरियाणा के युवाओं के साथ-साथ प्राइवेट कंपनी मालिकों के लिए भी फायदेमंद है।

# आयुष विभाग ने किया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**धूमधाम से**

8 प्राकृतिक दिवस को जाट धर्मशाला में बडे ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा प्राकृतिक दिवस को जाट धर्मशाला में बडे ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके विधिवत रूप से किया गया।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेचुरोपैथी के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सामान्य जन को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न घरेलू खाद्य सामग्री एवं जडी बुटियों इत्यादि की विभिन्न रोगों में उपयोगिता बारे विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी उपस्थित जन समूह द्वारा काफी सराहना भी की गई। इस शिविर का प्रमुख उद्धेश्य रोगियों को प्राकृतिक और सामग्री मुफ्त चिकित्सा प्रदान करके उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर आयुष विभाग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लोगों को आहार, योगा, प्राकृतिक चिकित्सा के फायदे और उनके लाभकारी प्रभावों के बारे में बताया गया। इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा विधियों का प्रतिनिधित्व किया गया, जैसे कि योग, प्राणायाम, आयुर्वेद, जड़ी-बूटियों का उपयोग, आहार और स्वास्थ्य सलाह। आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनसमूह को सलाह दी और उन्हें प्राकृतिक तरीकों से स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई एवं विशेषज्ञों द्वारा नेचुरोपैथी की विभिन्न रोगों में उपयोगिता एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गई तथा मिट्टी चिकित्सा के महत्व को एवं इससे हमारे स्वास्थ्य को होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग के अनुभवी चिकित्सकों डा. महिपाल एवं डॉ राज कपूर संयोजक और सह संयोजक के रूप में डॉक्टर आकृति, डा. पिंकी, डाः गुरप्रीत व मंजीत सिंह एवं जाट धर्मशाला के प्रधान राम कुमार और भारतीय योग संस्थान से गुलशन ग्रोवर प्रेस प्रवक्ता द्वारा भी उपस्थित लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा की विभिन्न रोगों में उपयोगिता बारे व्याख्यान दिया गया। आयुष विभाग के अनुभवी चिकित्सकों डा. राजीव बीरवाल, डा. मोनिका पुनिया एवं डा. कोमल सैनी, द्वारा शिविर में उपस्थित रोगियों का उपचार भी किया गया एवं सन्दीप कुमार, सरिता व साल्विया द्वारा रोगियों को औषधियों का वितरण भी किया गया। आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से कुल 181 मरीजों का इलाज किया गया। इस शिविर में मंजीत योग विशेषज्ञ द्वारा योग एवं मेडिटेशन तथा प्राणायाम आदि का अभ्यास भी करवाया गया।

# केन्द्रीय कारागार में जेल लोक अदालत आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ गुप्ता ने केन्द्रीय कारागार, अम्बाला मे जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस लोक अदालत मे 22 मुकदमे रखे गए थे। जिनमें नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया और 5 बंदियों को निर्धारित शर्तो पर रिहा किए गए। जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन माही के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत मे



लगाकार निपटाए जा सकते है। स्थायी लोक अदालत, जिला एडीआर सैंटर, अम्बाला मे स्थापित है और किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमे लगा सकते है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत, जिला ए डी आर सैंटर, अम्बाला में स्थापित है और किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते है। अधिक जानकारी के लिनए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

**निपटारा**

8 इस लोक अदालत मे 22 मुकदमे रखे गए थे। जिनमें नियमानुसार 5 मुकदमों का निपटारा किया गया

उन्होंनें जनसाधारण से अपील की कि वे लोक अदालत में लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें रख कर उनका निपटारा करवाए जिससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है, समय व धन की बचत होती है।

# युवक ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी अटेली मंडी अटेली।** खण्ड के गांव नावदी में एक युवक ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक के शव का नारनौल सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नावदी निवासी महीपाल 32 ने अपने ही घर में पंखे के हुक में फांसी का फंदा डालकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो उन के होश उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर नारनौल सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# कुरुक्षेत्र के 403 गांवों में पहुंचेगी सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्यिांः शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरकार की तरफ से देश और प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा के दौरान प्रत्येक गांव और वार्ड में विशेष प्रचार वाहन पहुंचेगा और लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की तमाम जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूक करेगा। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस संकल्प यात्रा का सफल आयोजन करने के लिए राज्य सरकार के आदेशानुसार 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी की बैठक 20 नवंबर को दोपहर 12 बजे



नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की तरफ से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को गांव और वार्ड स्तर पर पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा के दौरान नवंबर से जनवरी माह तक कुरुक्षेत्र के सभी 403 गांव और वार्डो को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार जिला स्तर पर उपायुक्त को ओवर ऑल इंचार्ज, एसपी को सदस्य, एडीसी को नोडल अधिकारी, शहरी क्षेत्र के लिए डीएमसी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए सीईओ जिला परिषद को नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के वीसी, डीडीपीओ, डीआईपीआरओ, डीईओ, उप निदेशक कृषि,जिला बागवानी अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र की जिला कार्यक्रम अधिकारी व नगर परिषद के सचिव को सदस्य बनाया गया है।

# लेन ड्राईविंग के पुलिस ने किए 32 भारी वाहनों के चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना



चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 18 नवम्बर 2023 को 32 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 550 दिनों में 27212 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 18 नवम्बर 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 32 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

**कार्रवाई**

8 निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके

# दिल्ली में आज से खुलेंगे सभी स्कूल

## ग्रैप-एक से तीन के तहत आने वाली सारी पाबंदियां पहले की तरह लागू रहेंगी

**प्रतिबंध हटा**

8 सार्वजनिक निर्माण से संबंधित निर्माण कार्य, ट्रकों और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को रद्द कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में वायु प्रदूषण घटा तो ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण चार के नियमों को हटा लिया गया है। अब जरूरी सामानों के साथ अन्य डीजल व पेट्रोल चालित ट्रक को प्रवेश मिल सकेगा। दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक निर्माण से संबंधित निर्माण कार्य, ट्रकों और वाणिज्यिक चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को रद्द कर दिया गया है।
फ्लाईओवर, सड़कों से जुड़े काम हो सकेंगे। हालांकि, ग्रैप-एक से तीन के तहत आने वाली सारी पाबंदियां पहले की तरह लागू रहेंगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बताया कि आगे हवा के गुणवत्ता की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद ही आगे निर्णय लिया जाएगा।
**20 नवंबर से खुलेंगे दिल्ली में स्कूल:** ग्रैप चार के नियम पांच नवंबर को हवा की गुणवत्ता को देखते हुए लागू किया गया था। जिसे अब हटा लिया है। वहीं, बीएस-तीन और बीएस चार इंजन वाले वाहनों को अभी भी इससे छूट नहीं मिली है। वायु प्रदूषण की रोक-थाम को लेकर हॉट स्पॉट के साथ निर्माणाधीन स्थलों पर निरीक्षण और सावधानी बरती जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली के अंदर सभी स्कूलों को सोमवार से खोल दिया जाएगा।
**ग्रेप के तीन स्टेज:** स्टेज-1 (एक्यूआई 201 से 300 के बीच)
सड़कों का नियमित तौर पर पानी का छिड़काव।
निर्माणाधीन स्थलों पर एंटी स्मॉग गन।
निर्माणाधीन स्थल व निर्माण सामग्री व उसको ले जाने वाले वाहनों को ढंकना अनिवार्य।
आवाजाही सामान्य रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की जाम प्वाइंट पर तैनाती।
जनरेटर चलाने पर बंदिश।
खुले में कूड़ा जलाने की इजाजत नहीं।
पीयूसी नियमों का सख्ती से पालन।
स्टेज- टू में लागू रहेंगी ये पाबंदियां (एक्यूआई 301 से 400)
इमरजेंसी सेवाओं के अलावा डीजल जनरेटरों पर बैन
होटल, रेस्तरां, भोजनालयों व ढाबों के तंदूर में लकड़ी व कोयले का इस्तेमाल बंद
पार्किंग फीस को बढ़ाया जाएगा

### दिल्ली वालों को वायु प्रदूषण से थोड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहरीली** हवा में सांस ले रहे दिल्ली वालों को हवा की गुणवत्ता में सुधार होने से कुछ राहत मिली है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार, रविवार सुबह राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 290 यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। वायु गुणवत्ता में सुधार होने पर ग्रेप चार के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। साथ ही सोमवार से दिल्ली के सभी स्कूलों को खोलने का आदेश दिया गया है। सीएक्यूएम के निर्देश पर बीएस तीन और बीएस चार के वाहनों को छूट दे दी गई है, बाकियों पर रोक बरकरार है।
वहीं, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए निर्माण कार्य की मंजूरी भी दे दी गई है, लेकिन सभी के लिए यह मंजूरी ग्रेप तीन हटने के बाद ही मिल पाएगी। सरकार के स्तर पर एक्यूआइ को और नीचे लाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं।

## जुवेनाइल होम से रिहा हुए किशोर ने नाबालिग को चाकू से गोद डाला

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अमन विहार इलाके में नाबालिग की हत्या का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां बाल सुधार गृह से रिहा हुए एक 17 वर्षीय किशोर ने नाबालिग को चाकू से गोदकर मार डाला। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आरोपी किशोर एक महीने पहले ही बाल सुधार गृह से रिहा किया गया था। ताजा मामले में अमन विहार इलाके में किशोर की हत्या करने के आरोप में उसे शनिवार को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम को आरोपी ने आकाश की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी, जब वह अपने एक दोस्त से मिलने अमन विहार गया था।

## रोहिणी में डीटीसी ई-बस पलटी, कई सवारी घायल, 15 दिन में दूसरा हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
डीटीसी इलेक्ट्रिक बस रविवार सुबह साढ़े सात बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5-6 सवारियां के चोटिल होने की खबर है। यह हादसा रोहिणी के केएन काटजू मार्ग पर सचदेवा स्कूल के सामने हुआ। हादसे के समय बस में दर्जनभर सवारियां यात्रा कर रही थीं। बताया जाता है कि बस सचदेवा स्कूल से बाईं तरफ टर्न ले रही थी, इसी दौरान पलट गई। बस चालक का कहना है कि मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में यह दुर्घटना घटी। 15 दिन के



भीतर डीटीसी बस का यह दूसरा हादसा है।
रोहिणी के विश्राम चौक के पास तेज रफ्तार डीटीसी बस ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा वाहनों को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक घायल हो गया था।

## डीएमआरसी में थम नहीं रहा आपत्तिजनक हरकतों का सिलसिला

**अपील**

8 अगर उन्हें मेट्रो के अंदर किसी तरह की आपत्तिजनक हरकतें दिखती है तो अधिकारियों को इसकी जानकारी दें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो में बनाए गए आपत्तिजनक वीडियो के हाल के महीनों में वायरल होने के बाद मेट्रो प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। डीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास कुमार ने लोगों से अपील की कि वे मेट्रो में इस तरह की गतिविधियां न करें। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए मेट्रो की तरफ से कई कदम उठाए जा रहे हैं। विकास कुमार ने



कहा कि मेट्रो में समय-समय पर एक टीम औचक निरीक्षण करेगी। यह टीम इस तरह की आपत्तिजनक गतिविधियों को रोकने की दिशा में काम करेगी। हाल के महीनों में कुछ यात्रियों ने प्रसिद्धि पाने के लिए ट्रेन के अंदर या प्लेटफार्मों पर फिल्मी गानों पर थिरकते देखे गए हैं, जबकि किसी और ने इसका वीडियो बना लिया और इसे इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया साइट पर डाल दिया। एक वीडियो में एक लड़की को छोटे कपड़े में देखा गया था और यह वीडियो एक्स पर काफी वायरल हुआ था। इसके बाद इस पर काफी बहस भी शुरू हो गई थी। विकास कुमार ने कहा कि मेट्रो परिसर में हर जगह सुरक्षाकर्मियों को तैनात नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि अगर इस तरह की घटनाएं हो तो इसे संबंधित अधिकारियों के साथ साझा करें।
**नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी को निभाएः** उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह की एक्टिविटीज में शामिल होते हैं, उनका काउंसलिंग करने की कोशिश करते हैं। हम वैसे लोगों से अपील करते हैं कि इस तरह की गतिविधियों को रोकने की दिशा में काम करें, जो कि हमारे समाज के लिए खतरनाक है।
एक व्यक्ति हर जगह मौजूद नहीं रह सकता है। यह नागरिकों की जिम्मेदारी है कि अगर वे इस तरह गतिविधियां अपने आसपास देखते हैं तो उन्हें इसे रोकना चाहिए और जांच अधिकारियों को इसे बताना चाहिए।

## वारदातों का शहरः रिक्शा चालक के सिर पर पत्थर मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** जिला के रणहौला इलाके में एक रिक्शा चालक की हत्या कर दी गई। उनका शव औद्योगिक इलाके में एक खाली मैदान में पड़ा मिला। उनके सिर पर चोट के निशान हैं और खून निकल रहा था। आशंका है कि लूटपाट का विरोध करने पर उनके सिर पर पत्थर मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सभी पहलूओं से मामले की जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्त विघु शाह (35) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ बापरौला गांव स्थित प्रधान एंक्लेव में रहते थे। वह पेशे से रिक्शा चालक थे। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस को बापरौला गांव के श्मशान घाट के पीछे खाली मैदान में शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने वहां जांच पड़ताल करने के बाद मौके से सबूत जुटाए। जांच में पता चला कि विघु के सिर में चोट के निशान थे।
मृतक के पास से रिक्शे की चाबी मिली है। वहीं उनका रिक्शा घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर खड़ा मिला है। विघु के भाई रामजन्म ने बताया कि विघु हमेशा शाम तक घर आ जाते थे। देर रात तक उनके नहीं आने पर परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई अता-पता नहीं चला।

## छठ पर आप सरकार की तैयारियां, महापर्व का भव्य आयोजन

### पूरी दिल्ली में 1000 से ज्यादा घाटों पर करा रही महापर्व का भव्य और शानदार आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**छठ** पूजा भारत का एक ऐसा महापर्व है, जो सभी देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस महापर्व के लिए सभी देशवासियों में एक अलग ही उत्साह भरा रहता है। छठ पूजा के लिए दिल्ली के पूर्वांचली भाई बहनों को बाहर न जाना पड़े इसी लिए आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी दिल्ली में 1000 से ज्यादा छठ घाटों का निर्माण करा चुकी है। 2014 से ही आप सरकार ने छठ पूजा के समारोहों का वित्तपोषण करना शुरू कर दिया था। 2014 में दिल्ली सरकार ने 69 स्थलों पर छठ पूजा के आयोजन का वित्तपोषण किया था और 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि पिछले वर्ष 2022 में, दिल्ली सरकार ने



1,100 स्थलों पर छठ पूजा के आयोजन का वित्तपोषण किया और 25 करोड़ रुपये खर्च किए थे। लेकिन यदि आप देश के बाकी सभी शहरों की ओर रुख करें तो पाएंगे की दिल्ली में ही सबसे ज्यादा छठ के घाट है। आपको बता दें कि यूपी की राजधानी लखनऊ में लगभग 100 घाट हैं, नोएडा में 90 घाट हैं और बिहार जहां यह पर्व सबसे ज्यादा आयोजित किया जाता है, वहां की राजधानी पटना में 108 घाट है।
हर साल की तरह इस साल भी आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में छठ पूजा का आयोजन करा रही है।

**छठ महापर्व**

8 पूर्वांचली भाई बहनों को बाहर न जाना पड़े इसलिए सरकार दिल्ली में 1000 से ज्यादा छठ घाटों का निर्माण करा चुकी है

दिल्ली सरकार ने राजधानी के 1,100 स्थलों पर छठ पूजा समारोह का वित्तपोषण करने की घोषणा की है। इन स्थलों पर छठ पूजा के समारोह के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है, जिसमें टेंट, ऑडियो विजुअल सेटअप, कुर्सी, मेज, एलईडी स्क्रीन, पेयजल, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस, और पावर बैकअप शामिल हैं।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरीः गिरिराज सिंह

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जनसंख्या** नियंत्रण कानून की मांग को लेकर गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित लाजपत नगर के रामलीला मैदान में जारी आमरण अनशन 22वें दिन गुरुवार को खत्म हुआ। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया। इससे पहले फाउंडेशन के अध्यक्ष के बेहतर स्वास्थ्य की कामन के लिए यज्ञ किया गया। 22 दिन आमरण अनशन पर बैठे अनिल चौधरी का वजन 105 किलो से 85 किलो हो गया। डॉक्टर की टीम ने जांच करने के बाद अनशन समापन के बाद एंबुलेंस से अस्पताल ले गई। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में हम सब इकट्ठे हुए हैं। ऐसा कानून बनेगा जो हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब पर सामान रूप से लागू होगा। इस कानून को जो नहीं मानेगा उसे सरकारी व्यवस्थाओं से बाहर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोर्ड जल्द ही लागू होगा। गुजरात उसे अनुसरण करेगा उसके बाद इसका अनुसरण पूरा देश करेगा। उन्होंने देश के नागरिकों से अपील की इसे राजनीति से जोड़कर न देखें। जो इसका विरोध करे उसे सत्ता से बाहर कर दिया जाए। वर्ष 1947 में आजाद हुए उसी समय देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू होना चाहिए था।

**अनशन खत्म**

8 उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोर्ड जल्द ही लागू होगा। गुजरात उसे अनुसरण करेगा उसके बाद अनुसरण देश करेगा

## 84 दिल्ली पुलिसकर्मियों को मिली बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** समेत पड़ोसी राज्यों में आतंक का पर्याय रहे कुख्यात गैंगस्टरों और आतंकियों को पकड़कर बहादुरी दिखाने वाले दिल्ली पुलिस के 84 कर्मियों को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने आउट आफ टर्न प्रमोशन दिया है। पुलिस मुख्यालय से प्रमोशन की सूची जारी की गई। जिन 84 पुलिसकर्मियों को आउट आफ टर्न प्रमोशन मिला है, उनमें सबसे अधिक 41 पुलिसकर्मी स्पेशल सेल, 26 पुलिसकर्मी क्राइम ब्रांच और बाकी अन्य यूनिटों और जिले में तैनात पुलिसकर्मी हैं। अन्य वर्षों की तरह ही इस बार भी सबसे खराब स्थिति आर्थिक अपराध



शाखा की ही रही। आर्थिक अपराध शाखा के एक भी कर्मी को आउट आफ टर्न प्रमोशन नहीं मिला। मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 39 सिपाहियों को पदोन्नति देकर हवलदार बनाया गया है। 25 हवलदार को पदोन्नति देकर एएसआइ बनाया गया है। 16 एएसआइ को पदोन्नति देकर सब इंस्पेक्टर और चार सब इंस्पेक्टर को पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। स्पेशल सेल के जिन 41 कर्मियों को आउट आफ टर्न पदोन्नत किया गया है, उनमें सबसे अधिक 11 कर्मी जांबाज इंस्पेक्टर शिव कुमार की टीम के हैं।

**प्रमोशन**

8 16 एएसआइ को पदोन्नति देकर सब इंस्पेक्टर और चार सब इंस्पेक्टर को पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया

## अज्ञात वाहन ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वेलकम** इलाके में एक अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज जारी है। हादसे में ऑटो चालक अकरम (30) की मौत हो गई। वहीं, दूसरे घायल शख्स की अभी पहचान नहीं हुई है। इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## दुकान के बाहर पार्क की कार, हमलावरों ने ज्वेलर-कर्मचारी को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**
निहाल विहार इलाके में दुकान के सामने कार पार्क करने पर दुकान के कर्मचारियों ने एक ज्वेलर पर बेसबॉल बैट और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने बीच बचाव में आए ज्वेलर के कर्मचारी पर भी तलवार से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया।
घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने हत्या का प्रयास और गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया



है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।
**घायल ज्वेलर की पहचान:** शिवराम पार्क निवासी प्रदीप कुमार वर्मा और कर्मचारी की पहचान शनि बाजार रोड निवासी सोनू के रूप में हुई है। प्रदीप ने बताया कि उनका इलाके में श्री बाला जी ज्वैलर्स नाम की दुकान है। 13 नवंबर की शाम वह अपने कर्मचारी सोनू के साथ शिवराम पार्क गली नंबर 14 में रहने वाले एक परिचित के घर मिठाई का डब्बा देने गए थे।

## एल्विश यादव मामलाः राहुल की डायरी से मिले 60 से अधिक पार्टी बुकिंग नंबर

**प्रशंसक**

8 रशीद ने कहा, अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में शांति का माहौल है। यह फैसला सही था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**
**रेव पार्टी में** सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में आरोपी एल्विश यादव प्रकरण में एनसीआर में 60 से अधिक पार्टी होने की जानकारी मिली है। रिमांड पर लिए गए राहुल की निशानदेही पर बरामद रजिस्टर में 60 से अधिक मोबाइल नंबर मिले हैं। मोबाइल नंबर पार्टी बुक कराने वालों के बताए जा रहे हैं। पुलिस इन नंबरों



के आधार पर पड़ताल को आगे बढ़ा रही है। वहीं, फरीदाबाद से बरामद दो सांपों का मेडिकल कराया गया है। जांच में सांपों के विष ग्रंथि नहीं होने की बात सामने आई है। पुलिस ने राहुल की निशानदेही पर जो रजिस्टर बरामद किया है और वह इस केस में अहम कड़ी साबित हो सकता है। वहीं कोड वर्ड में लिखे सांप, विष, रेव पार्टी लोकेशन की जानकारी डिकोड कर रही है। डीएफओ पीके श्रीवास्तव ने बताया कि तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने सांपों का परीक्षण किया। जांच में दोनों सांपों की विष ग्रंथियां निकाले जाने की बात सामने आई है। सोमवार को वन विभाग की तरफ से दोनों सांपों को जंगल में छोड़ने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी। आदेश मिलने के बाद सांपों को जंगल में छोड़ दिया जाएगा।
**इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को इकट्ठा करने में देरी:** पुलिस को जो भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अभी तक इस मामले में मिले हैं। उनकी उसकी रिपोर्ट आने में समय लग रहा है। इस कारण जांच की प्रगति धीमी है। इस मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बहुत अहम हैं।

# 'भाजपा सरकार विकास व रोजगार के नाम पर कर रही है झूठी घोषणाएं'

**निशाना साधा**

**8 बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को अपमानित और प्रताड़ित करने का काम किया है : पूर्व विधायक सुमिता सिंह**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पूरे हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी सरकार जा रही और कांग्रेस सरकार आ रही है। बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को अपमानित और प्रताड़ित करने का काम किया है, इसलिए अब लोगों ने हरियाणा में बदलाव का मन बना लिया है। बीजेपी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

उपरोक्त विचार पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने करण विहार में करण सिंह व प्रमोद द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है। जनता आज कांग्रेस की तरफ देख रही है। कांग्रेस ने जो बनाया था, उसे भाजपा गंवाने में लगी है। उनका इशारा निजीकरण करने की ओर था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।भाजपा सरकार जनता को दोनों हाथ से लूट रही है।

उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। भाजपा सरकार लोकतंत्र का नाश कर रही है, इसलिए सभी मिलकर लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस का साथ दें। देश में कहीं भी शराब घोटाला होता है तो उसके तार हरियाणा से जुड़ते हैं। प्रदेश के शराब कारोबारी को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और इसलिए प्रदेश में धरल्ले से शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। प्रदेश में आज भी शराब माफिया काम कर रहे हैं।

सुमिता सिंह ने कहा कि जो हरियाणा 2014 तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश सहित विकास के हर पैमाने पर नंबर वन हुआ करता था, वह आज बेरोजगारी महंगाई, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर वन बन गया है। बेरोजगारी में हरियाणा देश में नंबर वन पर है। यह भारत सरकार के आंकड़े बता रहे हैं। हर घर में बेरोजगार नौजवान है। न प्राइवेट सेक्टर में रोजगार आया, हरियाणा में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। भर्तियां घोटाले की भेंट चढ़ गई या दूसरे प्रदेश के लोगों को दे दी गई। इस अवसर पर करण सिंह, प्रमोद, सुखबीर सिंह एक्सएमसी, कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनिंदर सिंह, बिजेंद्र सैनी, अशोक शर्मा, रामकुमार, मयंक कादियान, युवराज, गौरव, बॉबी पांचाल, करमबीर, बालकिशन, बिन्नी, नितिन, अशोक, मनोज, राधा पांचाल, शीला देवी, राजपाल, रोहन, रोहित चोपड़ा, मयंक सचदेवा, गुरविंद्र सिंह और मंजीत लाठर इत्यादि मौजूद रहे।

# '10 साल पुराने आधार कार्ड को 14 दिसम्बर तक नि :शुल्क करवाएं अपडेट'

**आधार अपडेट**

**8 जिन लोगों के आधार कार्ड आठ से दस साल पहले बने थे वे सभी तुरंत अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जिन लोगों के आधार कार्ड आठ से दस साल पहले बने थे वे सभी तुरंत अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सरकार ने आधार को अपडेट करवाने की समयसीमा को बढ़ाकर 14 दिसम्बर कर दिया है। अब 14 दिसम्बर तक लोग स्वयं आधार को निःशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाएं। आधार को अपडेट करवाने से व्यक्ति को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इनमें आधार के संग वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से राशन लेना आसान होगा, देश में किसी भी डिपो से राशन ले सकेगा। आधार के माध्यम से बैंक खाता खुलवाना आसान होगा, लाभार्थियों को आसानी से लगभग एक हजार डिजिटल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिम कार्ड लेना, आधार से स्कॉलरशिप पाना, इनकम टैक्स रिटर्न करवाना तथा आधार से गुमशुदा लोगों को उनके परिवारजनों से मिलवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए 1947 डायल करें या पर मेल करें। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों से पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने से पहले आधार को सत्यापित करने का भी आह्वान किया है ताकि नकली व फोटोशॉप किए गए फर्जी आधार कार्ड की पहचान करने में मदद मिल सके। यूआईडीएआई के डाटा के मुताबिक जिला में बहुत से ऐसे नागरिक हैं, जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में आधार में अपने दस्तावेज अपडेट नहीं किए हैं। इसलिए उन्होंने आधार धारकों से आग्रह किया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, भतीजी घायल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** काछवा रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने सडक पर डिवाइडर के पास खड़े बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक व उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय सतपाल सिंह निवासी गांव बालू के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे संदीप ने बताया है कि कल दोपहर करीब डेढ़ बजे वह और उसका ताऊ सतपाल सिंह बहन व पत्नी सीमा को दवाई दिलवाने के लिए पीएचसी काछवा में गए थे। दवा लेने के बाद उसका ताऊ व बहन मोटरसाइकिल के साथ करनाल-काछवा रोड पर डिवाइडर के कट पर खड़े थे। ताऊ ने डिवाइडर के दूसरी तरफ जाने के लिए मोटरसाइकिल रोकी हुई थी। तभी करनाल की तरफ से एक तेज रफ्तार बाइक आई। उस पर 2 युवक सवार थे। उन्होंने आते ही ताऊ की बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर ताऊ व बहन सडक पर नीचे गिर गए। इस हादसे में बहन को बाजू पर चोटें आई, जबकि ताऊ को सिर पर गंभीर चोट। जिससे खून बहने लगा और वह बेहोश हो गए। काछवा पीएचसी में ताऊ को भर्ती करवाया, लेकिन हालत गंभीर को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने ताऊ को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने आरोपी बाइक चालक का नाम शिविक बताया है। सदर थाना के जांच अधिकारी मनजीत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख तक ऋण की सुविधा : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

# चार युवकों ने नाबालिग के साथ किया कुकर्म

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कस्बा असंध में 4 युवकों द्वारा नाबालिग के साथ कुकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग को स्कूल के ग्राउंड से साथ ले गए थे। इसके बाद उसकी आंखों पर कपड़ा बांध दिया और मुंह बंद कर दिया। नाबालिग की मां ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 4 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बच्चे की मां विधवा है और वह अपने बच्चे को मेहनत करके पढ़ा रही है। महिला ने बताया है कि बीती चार नवंबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका दस वर्षीय लडका सरकारी स्कूल के ग्राउंड में बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी गांव के चार युवक आए और उसे बहला फुसलाकर स्कूल की दूसरी तरफ ले गए। इस दौरान चारों युवकों ने नाबालिग के मुंह को बंद कर दिया, ताकि वह शोर न मचा दे। इसके साथ ही युवकों ने उसका हाथ पकड़ लिया। आंखों के ऊपर कपड़ा बांध दिया और चारों ने बारी-बारी से उसके साथ कुकर्म किया। मां के मुताबिक करीब ढाई घंटे तक उसका बेटा चारों आरोपियों की गिरफ्त में था। नाबालिग को करीब 8 बजे छोड़ा। आरोपियों ने नाबालिग को चाकू दिखाकर धमकी दी थी कि अगर किसी को बताया तो उसे जान से मार देंगे।

# करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नशा मुक्त**

**8 अपनी साइकिल पर एक पट्टी लगाई हुई है, जिस पर लिखा है नशा मुक्त हरियाणा जहाँ दूध दही का खाना।**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार प्रतिदिन हरियाणा के अलग-अलग स्थानों पर जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार करने में जुटे हुए हैं। विशेष बात है कि वे साइकिल को मुख्य साधन के रूप में प्रयोग कर रहे है। शहर-शहर और गाँव-गांव साइकिल पर जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हैं।

आज उन्होंने करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वे साइकिल से कुंजपुरा सडक से सेक्टर 12, अस्पताल चौक, ठंडी सडक, बस अड्डे, कुंजपुरा रोड, सब्जी मंडी, घंटाघर चौक रेलवे सडक से लोगों को जागरूक करते हुए निकले। आज यह उन द्वारा 158वां एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम था। डॉ.अशोक कुमार ने बताया कि साइकिल पर गाँव-गाँव तक नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट है कि जन-जन तक यह सन्देश सरलता से पहुँच सके। उन्होंने अपनी साइकिल पर एक पट्टी लगाई हुई है, जिस पर लिखा है नशा मुक्त हरियाणा जहाँ दूध दही का खाना।

# ट्रक ने तीन लोगों को कुचला एक की मौत, दो गंभीर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के गांव शाहपुर के पास सडक पर सैर कर रहे तीन लोगों को ट्रक ने कुचल दिया। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। दोनों को इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक 43 वर्षीय राजेश निवासी यूपी के परिजन शिव कुमार ने बताया कि गांव हेमदा के पास एक राइस मिल है, जहां पर राजेश मिस्त्री का काम करता था। वह तरावड़ी में किराए के मकान पर अपने परिवार के साथ रहता था। रविवार सुबह राजेश अपने दो हेल्परों के साथ सडक पर सैर करने के लिए निकाला था। जब वह सैर करते हुए गांव शाहपुर के पास पहुंचे तो पीछे से एक ट्रक ने तीनों को कुचल दिया।

इस हादसे में राजेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक हेल्पर की दोनों टांगे कट गई और तीसरे व्यक्ति को सिर पर काफी गंभीर चोट आई है। तीनों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा राजेश को मृत घोषित किया दिया गया।

# धूमधाम से हुआ पुरातन छात्र समागम का आयोजन

**अभिनंदन**

**8 डॉक्टर डीडीएस संधू पूर्व वाइस चांसलर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सैनिक स्कूल कुंजपुरा में पुरातन छात्र समागम का आयोजन रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्नल विजय राणा ने ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के मुख्य अतिथि लेफ्टीनेंट जनरल रिटायर्ड डॉक्टर डीडीएस संधू पूर्व वाइस चांसलर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। सर्वप्रथम रीथलिंग के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के प्रेसिडेंट हवा सिंह एवम सेक्रेटरी राजेश सांगवान ने समस्त कार्यक्रम की निगरानी की और कार्यक्रम को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान किया। गोल्डन जुबली बैच के छात्रों ने स्कूल भोजनालय को लाखों रुपए का बर्तन और भोजन बनाने वाले संयंत्र प्रदान किए। सिल्वर जुबली बैच के छात्रों ने बॉक्सिंग रिंग के छत का निर्माण करवाया।

इस अवसर पर ऑब्सटेकल खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें वरिष्ठ सदन से कुरुक्षेत्र सदन ने बाजी मारी। सुरेश कुमार आईजी रिटायर्ड भूतपूर्व छात्र सैनिक स्कूल कुंजपुरा द्वारा विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के संयोजक भास्कर शुक्ला रहे। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों द्वारा अपने अग्रजों हेतु घुड़सवारी का आयोजन किया गया। इन्हीं छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई और पुरातन तथा वर्तमान छात्रों द्वारा रस्साकस्सी का खेल भी आयोजित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कर्नल विजय राणा ने कहा कि पुरातन छात्रों के सहयोग से अभिभावकों हेतु विश्रामगृह निर्माण की प्रक्रिया विचाराधीन है। विद्यालय में किए गए विकास कार्य हेतु विद्यालय परिवार अपनी शुभकामनाएं पुरातन छात्रों को प्रेषित करता है।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य कमांडर तेजिंदर सिंह गिल, वरिष्ठ अध्यापक संजय चौहान समेत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद ग्रिल में फंसी ई-रिक्शा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** चमार खड़ा गांव पुल के पास एक ई-रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ई-रिक्शा नहर के पुल पर बनी ग्रिल में फंस गई और चालक नहर में जा गिरा। पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं।



व्यक्ति रविवार सुबह 5 बजे ई-रिक्शा में सामान लोड कर डिलीवरी के लिए निकला था। व्यक्ति की पहचान सोहना के रहने वाले 50 वर्षीय राजकुमार के रूप में हुई है। उसके छोटे भाई राजपाल ने बताया कि सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह का फोन आया कि आपके भाई की ई-रिक्शा नहर के पुल की ग्रिल में फंसी हुई है। इसके बाद वह वह अपने भतीजे को लेकर मौके पर पहुंचा तो उसके भाई की ई-रिक्शा में सामान लोड था। पास में ही किसी गाड़ी के शीशे का कांच भी बिखरा हुआ था, लेकिन उसका भाई मौके पर नहीं था। कांच को देखने पर लग रहा था कि किसी वाहन चालक ने उसके भाई की ई-रिक्शा को टक्कर मारी है। इसके बाद ई-रिक्शा पुल की ग्रिल में फंस गई और उसका भाई नहर में गिर गया। सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि पुलिस व गोताखोरों की टीम द्वारा नहर में सर्च अभियान चलाया गया है। व्यक्ति का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। नहर में पानी गहरा है। प्राथमिक जांच में टक्कर लगने के बाद व्यक्ति के नहर में गिरने की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान'

**समाज का गौरव**

**8 भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मद्दगार साबित हो रही है**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियान्वित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मद्दगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। घरेलू बचत के लिए भी सरकार की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क ट्रांसफर किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णतः कर रहित है तथा इसमे आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता

# 'मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना से एक करोड़ रुपए जीतने का मौका'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत सरकार ने नागरिकों को एक करोड़ इनाम के साथ कई अन्य ईनाम जीतने का अवसर दिया है। उपभोक्त ा हर खरीद पर जीएसटी बिल जरूर लें और आकर्षक इनाम जीतने का मौका पाएं। इस संदर्भ में वित्त मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना चलाई गई है,जिसके चलते नागरिक खरीदारी के समय लिए गए बिल को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करते हुए योजना का लाभ उठा सकते हैं। डीसी अनीश यादव ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार की ओर से प्रति माह लक्की ड्रा निकाला जाएगा और नागरिकों का चयन किया जाएगा। ये वे नागरिक होंगे जो हर महीने अपना जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड करेंगे। डीसी ने बताया कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा जीएसटी बिल में बढ़ोतरी करना भी सरकार का उद्देश्य है। टैक्स चोरी पर नकेल कसने में यह योजना काफी कारगर साबित होगी। इसके अलावा इस योजना के जरिये सरकार की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि मेरा बिल-मेरा अधिकार एप पर अपना जीएसटी बिल अपलोड करना होगा। इसके अलावा वह पर जाकर जीएसटी बिल अपलोड कर सकते हैं।

न्यूनतम 200 रुपए का बिल किया जा सकता है अपलोड

उन्होंने बताया कि लकी ड्रॉ के लिए विचार किए जाने वाले इनवॉइस का न्यूनतम मूल्य 200 रुपये रखा गया है। बिल इनवॉइस आईओएस और एंड्रॉयड पर उपलब्ध मोबाइल एप्लिकेशन 'मेरा बिल मेरा अधिकार' के साथ-साथ वेब भी अपलोड किए जा सकते हैं।

## पांच तारीख तक बिल अपलोड करने वाले उपभोक्ता होंगे ड्रा के पात्र

**डीसी** अनीश यादव ने बताया कि मेरा बिल-मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत पिछले महीने के दौरान जारी किए गए सभी बी2सी इनवॉइस को पांच तारीख तक संबंधित एप्लिकेशन पर अपलोड करने वाले उपभोक्ता ही ड्रा के पात्र होंगे। इसी तरह बंपर पुरस्कार के लिए पिछले 3 महीनों में अपलोड (बंपर ड्रॉ के महीने की 5 तारीख तक) किए गए सभी इनवॉयस के लिए तिमाही ड्रॉ निकाला जाएगा। मोबाइल ऐप या पोर्टल पर इनवॉइस अपलोड करने वालों को आपूर्तिकर्ता का जीएसटीआईएन, इनवॉइस संख्या, इनवॉइस की

# संत महात्मा राष्ट्र को प्रकाश स्तंभ की तरह रास्ता दिखाते हैं: प्रज्ञान सागर

**जीवन में संयम**

**8 परोपकार, परमार्थ, दान त्याग और संयम मरने के बाद काम आने वाली पूंजी हैं : प्रज्ञान सागर जी**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जैन संत क्षुल्लक प्रज्ञान सागर जी महाराज ने कहा है कि संत महात्मा सकाज और राष्ट्र के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह होते हैं, जो जीने का सही रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि परोपकार, परमार्थ, दान त्याग और संयम मरने के बाद काम आने वाली पूंजी हैं। जो मरने के बाद आत्मा को सही रास्ते पर ले जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन में संयम का अपना ही अलग महत्व हैं। इसके लिए हमेशा हमें काम करना चाहिए। धर्म की स्थापना के लिए धन की जरूरत नहीं होती, बल्कि प्रभावना जरूरी है।

वह करनाल के ओमंग होटल में जैन धर्म के प्रतिष्ठत आचार्य विनिश्चय सागर जी महाराज के शिष्य क्षुल्लक प्रज्ञान सागर जी महाराज ने अपने पीछी परिवर्तन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने चातुर्मास के अंतिम चरण में कहा कि करनाल में उन्होंने छह माह बिताए। उन्हें जैन समाज का पूरा प्यार मिला। उन्होंने करनाल की जैन समाज की सराहना की। यह कार्यक्रम ओमंग होटल के संचालक तथा जाने मान व्यवसायी हरविलास गुप्ता, शिराज गुप्ता तथा विशाल गुप्ता के संयोजन में दिगंबर जैन सोसायटी करनाल तथा सकल जैन समाज द्वारा आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में व्यवसायी हरविलास गुप्ता, शिराज गुप्ता तथा विशाल गुप्ता ने अपने परिवार के साथ मिलकर बाहर से आए अतिथियों की मेजवानी की। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के राष्ट्रीय नेता तथा राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री रहे खिल्ली मल जैन राइस कारोबारी सुशील जैन, रतन जैन, सुशील जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली रोहड़ी से आए राकेश जैन तथा उनके साथियों तथा गोहाना समाज के प्रतिनिधियों ने आकर जैन संत को श्री फल देकर अने यहां आने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में जैन संत को पीछी, वस्त्र तथा शास्त्र के साथ कमंडल समाज द्वारा सर्वाधिक बोली के माध्यम से बोली लगाने वालों ने प्रदान किए। बाहर से आए जैन समाज के प्रबुद्ध जनों को साधुवाद दिया गया। गंगा स्टील के संचालक अनिल जैन पुस्तक व्यवसायी प्रवीण जैन तथा अन्य जैन समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम में जैन संत को अपनी तरफ जैन मुनि यंत्रों की भेंट दी। जैन संत ने अपनी पीछी और कमंडल समाज के दानी जनों को दी। कार्यक्रम में महिला मंडल ने भगवान नेमिनाथ और गिरनार को लेकर नाटिका प्रस्तुत की। जैन स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जैन समाज के दिल्ली उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ तथा पंजाब से आए धमार्लुओं ने प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बीरेश जैन ने किया।

# इन्द्री व कुंजपुरा के 5 गांवों में होगा जन संवाद कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इन्द्री के एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि 20 नवम्बर सोमवार को राई विधानसभा के विधायक मोहन लाल कौशिक कुंजपुरा व इन्द्री खंड के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की समस्याओं का निवारण करेंगे।

एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हर जिला में आयोजित किए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रमों की आपार सफलता के बाद इन कार्यक्रमों में विस्तार किया गया है और मंत्रियों, सांसदगणों व विधायकों द्वारा भी जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में हुए राई विधानसभा के विधायक मोहन लाल कौशिक द्वारा 20 नवम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे कुंजपुरा के सामुदायिक केन्द्र, 11 बजे घीड़ के सरकारी स्कूल, 12 बजे ब्याना की अनाज मंडी, दोपहर बाद 2.30 बजे बीबीपुर ब्राह्मद्राण के निरंकारी भवन व सांय 4 बजे गढी बीरबल के सरकारी स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे और वे लोगो की समस्याएं एवं शिकायतें सुनकर उनसे सीधा संवाद करेंगे। इन जन संवाद कार्यक्रमों में सभी विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे।

## संपादकीय

# प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा उत्तरकाशी सुरंग हादसा

**देवभूमि** उत्तराखण्ड के जनपद उत्तरकाशी के यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू और बड़कोट के बीच सिल्क्यारा के नजदीक निमार्णाधीन करीब 4531 मीटर लम्बी सुरंग है जिसमें सिल्क्यारा की तरफ से 2340 मीटर और बड़कोट की तरफ से 1600 मीटर निर्माण हो चुका है। यहां बीती 12 नवम्बर, सुबह करीब पांच बजे सिल्क्यारा की तरफ से करीब 270 मीटर अन्दर, करीब 30 मीटर क्षेत्र में ऊपर से मलबा सुरंग में गिरने की वजह से 40 लोग फंस गये थे। यह टनल चार धाम रोड प्रोजेक्ट के तहत बनाई जा रही है, जो हर मौसम में खुली रहेगी। टनल कटिंग का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हाल ही में अधिकारियों ने दावा किया था कि टनल के अंदर दिसंबर तक वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी. मजदूरों के फंस जाने की खबर से देशवासी चिंतित हैं। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य जारी हैं। इस दुर्घटना का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इस सुरंग का एक हिस्सा 2019 में भी धंसा था। संयोग है कि उस वक्त कोई मजदूर उसमें नहीं फंसा था। इस हादसे ने एक बार फिर दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में विकास कार्यों के स्याह पक्ष को रेखांकित किया है। यह स्याह पक्ष है विकास परियोजनाओं के चलते कुछ ही देर की तेज बरसात से पहाड़ों के भरभरा कर गिरने और भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं का। कमजोर होते पहाड़ों की वजह से जब-तब आने वाली आपदा का। उत्तरकाशी की मिट्टी बहुत नर्म है। इसके चलते ऊपर से चट्टानें, मिट्टी आदि लगातार नीचे गिर रही है। इसके कारण भी बचाव कार्य में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। दूसरी तरफ सडकों और पनबिजली योजनाओं के जरिए उत्तराखंड जैसे राज्य के दुर्गम और विकास से अछूते क्षेत्रों की आर्थिक विकास को संभव बनाने का उजला पक्ष भी है। जाहिर है कि इस उजले और स्याह पक्ष के बीच संतुलन कायम करना वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। यह जरूरत इसलिए भी है क्योंकि पहाड़ ही नहीं बचेंगे तो सडकों के बिछते जाल और दूसरी बुनियादी सुविधाएं जुटाने का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। संतुलन भी तभी संभव है जबकि किसी भी तरह की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने से पहले उनसे जुड़े नफा-नुकसान का पूर्व आकलन ठीक से कर लिया जाए। जान जोखिम में डालकर निर्माण कार्यों में जुटे श्रमिकों की सुरक्षा भी हर मोर्चे पर सुनिश्चित करनी होगी। ऐसा तब ही संभव होगा जब तमाम एहतियाती कदम भी उठा लिए जाएं। सवाल यही है कि आखिर निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता प्रबंधन की शून्य दोष अवधारणा सिर्फ किताबों तक ही सीमित क्यों रहे? यह सही है कि आपदा कभी कह कर नहीं आती और न ही ऐसे हादसों का पूवार्नुमान संभव है। लेकिन इस हादसे में तो आपदा प्रबंधन में जुटे अधिकारियों ने भी माना है कि यदि बेहतर सुरक्षा उपाय और अलार्म सिस्टम होता तो मजदूर इस तरह से सुरंग में नहीं फंसते। अक्सर हादसे होने के बाद ही तकनीकी खामियां उजागर होती हैं, पहले इनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। बाद में लकीर पीटने का काम जरूर होता है। ऐसे हादसों की वजह संबंधित एजेंसी का कमजोर तकनीकी पक्ष तो है ही, भू-वैज्ञानिकों की चेतावनियों की अनदेखी भी इसके लिए जिम्मेदार है।

# साइबर अपराधियों के सामने सिस्टम फेल

प्रेम शर्मा

> साइबर कमजोरियों को संबोधित करने के लिए सरकार, व्यवसायों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों के ठोस प्रयास की आवश्यकता है।भारत में इन अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जागरूकता बढ़ाना, प्रभावी साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करना और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन रणनीतियों को लागू करके और एक सक्रिय और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाकर, भारत ऑनलाइन अपराधों को काफी हद तक कम कर सकता है और अपने नागरिकों और व्यवसायों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बना सकता है

**भारत ने** हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण डिजिटल परिवर्तन का अनुभव किया है, जिसमें व्यक्तियों और व्यवसायों की बढ़ती संख्या इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर निर्भर है। बढ़ती कनेक्टिविटी और प्रौद्योगिकी पर निर्भरता साइबर अपराधियों के लिए कमजोरियों का फायदा उठाने के अधिक अवसर पैदा करती है। भारत के पास विश्व स्तर पर सबसे बड़े इंटरनेट उपयोगकर्ता आधारों में से एक है। इंटरनेट का उपयोग करने वाली एक बड़ी आबादी के साथ, साइबर अपराधियों के लिए अधिक संभावित लक्ष्य हैं, जिससे यह साइबर हमलों के लिए एक आकर्षक बाजार बन गया है। साइबर क्राइम की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं. पिछले एक महीने में भारत में वर्क फ्रॉम होम, ई-चालान, लॉटरी के नाम पर ठगी के 2500 से ज्यादा मामले दर्ज किए जा चुके हैं। सिर्फ दिल्ली में इस साल 25000 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं. वहीं 200 करोड़ की ठगी की जा चुकी है। सरकार द्वारा लगातार आनलाइन भुगतान पर जोर देने तथा आम आदमी को आनलाइन भुगतान के लिए फोनपे,जीपे, पीटीएम यूपीआई आदि की सुविधाएं मिलने से जहॉ एक तरफ उन्हें राहत तो मिली है वही दूसरी तरफ वित्तीय साइबर की बढ़ती घटनाओं को रोकने में सरकार का सिस्टम असहज दिखता है। स्थिति इतनी खराब है कि पीड़ित व्यक्ति साइबर थानों में वित्तीय नुकसान पहुचाने वाला का मोबाईल नम्बर से लेकर जिस खाते में पैसा ट्रासफर हुआ उसका नाम, वित्तीय हानि पहुचाने वाले का मोबाईल चालू होने के बाद भी उसका पता न लगा पाना इस बॉत का प्रमाण है कि साइबर अपराधियों के सामने सिस्टम लगभग फेल सा साबित हो रहा है। वैसे भी देश में जिस तरह से डिजिटल प्रौद्योगिकी का तूफानी परिवर्तन हुआ है उतनी तेजी से सरकारी तंत्रों को नही बदला गया। आज भी पुलिस की भर्ती में स्पेशल कैटगिरी यानि साइबर सेल के लिए बीसीए, एमसीए आदि तकनीकि योग्यता के आधार पर कोई भर्ती नही निकाली गई। इस दिशा में जनपद स्तर पर कोई प्रशिक्षण की चर्चा नही देखी गई। परिणामतः आम पुलिस थानों से कुछ अनुभवी पुलिस कार्मिकों और अफसरों को शामिल कर साइबर सेल की स्थापना कर दी गई है। परिणाम स्वरूप साइक्रम क्राईम तेजी से आम आदमी को हानि पहुंचा रहा है।

तकनीकी के इस दौर में चोरी करने के तरीके भी हाईटेक हो गए हैं। अक्सर हर हिन्दुस्तानी



के दिमाग में यही होता है कि उसका पैसा घर से ज्यादा बैंक में सुरक्षित है। लेकिन बैंक के सिस्टम में भी सेंध लगाकर पैसों को चोरी किया जा रहा है।आम आदमी थोड़े पैसे के लालच या नासमझी में अपनी गोपनीयता भंग कर रहे हैं और इन्हीं का फायदा साइबर चोर उठा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक से मिले आंकड़ों से यह बात पुख्ता हो रही है कि देश की अर्थव्यवस्था को साइबर चोर बड़ी चोट पहुंचा रहे हैं। हालांकि साइबर चोरी को रोकने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम भी नहीं उठाए गए। हालात यह हो गए हैं कि दिनोंदिन ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है।आरटीआइ के जरिए एक एक्टिविस्ट ने सवाल पूछा था कि जिसमें देशभर में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले कितने हुए और सरकार ने क्या कार्रवाई की, इसका जवाब मांगा था। मंत्रालय ने इस आरटीआइ को भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय जनसूचना अधिकार प्रकोष्ठ भेज दिया था।रिजर्व बैंक ने कुछ सवालों का जवाब तो गोल-मोल दिया।जबकि इसी वर्ष मई माह में लोकलसर्किल्स कीर रिपोर्ट लोगो को चौंका दियाा था। इस रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि पिछले तीन साल के दौरान करीब 39 प्रतिशत भारतीय परिवार ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार बने हैं. इनमें से सिर्फ 24 प्रतिशत को ही उनका पैसा वापस मिल पाया है। लोकलसर्किल्स के सर्वे में 23 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे क्रेडिट या डेबिट कार्ड धोखाधड़ी का शिकार बने. वहीं 13 प्रतिशत का कहना था कि उन्हें ऑनलाइन खरीद-बिक्री साइट उपयोगकताओं द्वारा धोखा दिया गया. सर्वे के अनुसार, 13 प्रतिशत लोगों का कहना था कि वेबसाइट द्वारा उनसे पैसा ले लिया गया, लेकिन प्रोडक्ट नहीं भेजा गया। जबकि 10 प्रतिशत ने कहा कि वे एटीएम कार्ड धोखाधड़ी का शिकार बने। 10 प्रतिशत ने कहा कि उनके साथ बैंक खाता धोखाधड़ी की गई। इसके अलावा 16 प्रतिशत ने बताया कि उन्हें कुछ अन्य तरीके से चूना लगाया गया। वैसे तो आनलाइन ठगी को लेकर जामताड़ा फिल्म भी बनी लेकिन अब तो लगभग हर राज्य में एक जामताड़ा जैसा गिरोह काम कर रहा हे। हालाकि देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों को भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हिस्सों में बांटकर आंकड़े दिए हैं। इसमें पहले वह आंकड़े हैं, जिनमें धोखाधड़ी के शिकार लोग केवल बैंक को सूचना देने का काम करते हैं। ऐसे मामलों को भी दो कैटेगरी में बांटा गया है।एक श्रेणी में उन मामलों को दर्ज किया जाता है, जिसमें एक लाख से ज्यादा रुपये की धोखाधड़ी की गई हो, वहीं दूसरी श्रेणी में एक लाख से कम की धोखाधड़ी के मामलों की सूचना दर्ज होती है।

जबकि ऑनलाइन धोखाधड़ी की दूसरी प्रमुख श्रेणी में उन घटनाओं का रखा गया है, जिसमें धोखाधड़ी का शिकार लोगों ने बैंक को सूचना देने के साथ ही थाने में जाकर मुकदमा दर्ज कराया हो।यहां पर भी मुकदमा दर्ज कराने वाले ग्राहकों को दो श्रेणी में रखा गया है। पहली में एक लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामलों की सूचना दर्ज की जाती है। दूसरी श्रेणी में एक लाख से कम धोखाधड़ी के शिकार लोगों की सूचना दर्ज होती है।भारत में बहुत से लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। साइबर खतरों और सर्वोत्तम साइबर सुरक्षा प्रथाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण व्यक्ति और व्यवसाय हमलों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। भारत में साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचा अभी भी विकसित हो रहा है। कई संगठनों, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों के पास मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय नहीं हो सकता हैं, जिससे वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं।भारत में इन मुद्दों के समाधान के लिए कानून एवं नियम हैं, कानूनी ढांचा लगातार विकसित हो रहा है, और कई बार प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इससे साइबर अपराधियों पर प्रभावी ढंग से मुकदमा चलाने में देरी हो सकती है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे साइबर खतरे भी बढ़ते हैं। साइबर अपराधी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और नेटवर्क सिस्टम में कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए लगातार नए तरीके ढूंढते रहते हैं। डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन लेनदेन के बढ़ने के साथ, फिशिंग, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटाले जैसे वित्तीय अपराधों का खतरा बढ़ गया है। कुलमिलाकर यह कहना गलत नही होगा की सरकार को आम आदमी आर्थाि्क सुरक्षा के लिए सिस्टम को सुधारना होगा। आम जनता, व्यवसायों और संगठनों को साइबर सुरक्षा खतरों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना । सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने और आम साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना होगा। इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों की जनसँख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर, साइबरस्पेस में अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

साइबर कमजोरियों को संबोधित करने के लिए सरकार, व्यवसायों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों के ठोस प्रयास की आवश्यकता है।भारत में इन अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जागरूकता बढ़ाना, प्रभावी साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करना और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन रणनीतियों को लागू करके और एक सक्रिय और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाकर, भारत ऑनलाइन अपराधों को काफी हद तक कम कर सकता है और अपने नागरिकों और व्यवसायों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बना सकता है।

## कविता

जब वो जाने-अंजुमन नाजे-चमन हम को मिला
क्या बुरा है इतना जो दीवाना पन हम को मिला

रूह तक सरशार हो जाती है जिस के लम्स से
फूल जैसा नर्मो - नाजुक वो बदन हम को मिला

दूर तक फैली हुई है जिस के लफ़्जों की चमक
मरहबा लहजे का ऐसा बाँकपन हम को मिला

जिस की शादाबी पे नाजां है बहारे - खूबरू
शुक्र है वो खित्त - ए - गंगो-जमन हम को मिला

प्यार में तुझ को गले से तो लगा लेते मगर
इश्क भी पाबन्दे - शेखो - बृहमन हम को मिला

उस के हिस्से में बहारे-नव का आया गुलसिताँ
ओर खिजाँ आलूद उजड़ा सा चमन हम को मिला

जकी तारिक

# डॉक्टरी बना कारोबार, 'झोलाछाप' कर रहे उपचार

**प्रियंका सौरभ**

**पूरी दुनिया** में डॉक्टर भगवान के रूप में लोगों को नजर आये है और ऐसा हो भी क्यों न? दूसरों को निस्वार्थ भाव से जिंदगी उपहार देने वाले भगवान ही तो है। मगर सरकारी आँकड़ों के अनुसार भारत के 1।3 बिलियन लोगों के लिये देश में सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डॉक्टर हैं। इस हिसाब अगर देखा जाये तो भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डॉक्टर मौजूद है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संदर्भ में 1:1000 अनुपात को जायज और जरूरी मानता है, यानी हमारे देश में प्रत्येक 1000 नागरिकों पर 1 डॉक्टर होना अनिवार्य है। लेकिन ऐसा करने के लिए भारत को वर्तमान में मौजूदा डॉक्टरों की संख्या को कई गुना करना होगा। जहाँ एक ओर शहरी क्षेत्रों में 58 प्रतिशत योग्य चिकित्सक है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह आँकड़ा 19 प्रतिशत से भी कम है। योग्य चिकित्सकों के अभाव में देश में में झोलाछाप डाक्टरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन झोलाछाप डॉक्टरों के कारण मरीजों की जान सासत में है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग आखें मूंदे बैठा है। विभाग की अनदेखी के कारण झोलाछाप डाक्टर चाँदी कूट रहे है। गाँवों में तो ये स्थिति और भी बदतर है। भारत के प्रत्येक गाव में कई-कई झोलाछाप डाक्टर मरीजों को लूट रहे हैं। यह धधा इतना चंगा हो गया है कि लोग धड़ल्ले से इस व्यवसाय में एंट्री कर रहे है। गावों में इस प्रकार के झोलाछाप डाक्टर सरेआम क्लीनिक चलाकर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से देश में बड़ी संख्या में झोलाछाप पनप रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक हर जगह ऐसे डॉक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिनके पास मेडिकल की डिग्री तक नहीं है। अधिकांश डॉक्टर तो इंटरमीडिएट या स्नातक पास होते हैं। मरीजों की हालत बिगड़ने पर शहर के किसी निजी अस्पताल में रेफर कर देते हैं। इसका इनको कमीशन भी मिल जाता है। इस कमीशन का भार भी मरीज पर पड़ता है। माने तो इन झोलाछाप का धंधा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से चल रहा है। इन अवैध कारोबारियों पर स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों की अनदेखी से इनके गोरखधंधे पर कोई आंच नहीं आती। इन झोलाछाप डॉक्टरों (वे डॉक्टर जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास उचित डिग्री है) की संस्कृति हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के लिये काफी खतरनाक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारत में 57।3% डॉक्टर वास्तव में बिना मेडिकल डिग्री के हैं। और, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि उनमें से ज्यादातर देश के ग्रामीण इलाकों में पाए जाते हैं। इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट 1997, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स 1945 में कहा गया है कि केवल एक रजिस्टर्ड डॉक्टर ही एलोपैथिक दवा लिख सकता है।

## विचार

# अंतर्राष्ट्रीय जलीय पर्यावरण के प्रति जागरूकहोना

**अशोक प्रवृद्ध**

**मछली प्राचीन का**ल से ही मनुष्य के भोजन का मुख्य अंग रही है। मानव आबादी प्रतिवर्ष100 मिलियन टन से अधिक मछली खा जाती है। संसार का 25 प्रतिशतसे अधिक प्रोटीन आहार मछली द्वारा प्रदान किया जाता है।मछली भारतीयों के भोजन का भी मुख्य अंग है। मछली देश की खाद्य सुरक्षा के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मत्स्य पालन का क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करने की क्षमता रखता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र और 1127 ईस्वी में रचित राजा सोमेश्वर के मानसोलासा जैसे ऐतिहासिक ग्रंथों मेंमत्स्य संस्कृति का उल्लेख होने से स्पष्ट है किप्राचीन काल से ही भारत में जलाशयों, तालाबों में मछली पालन का पारंपरिक प्रचलन रहा है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में युद्ध के समय विष डालकर मछलियों को मार डालने का भी उल्लेख है। परंतु भारत में यह मत्स्य पालन विशुद्ध पारंपरिक रूप से ही होता था। उन्नीसवीं शताब्दी की शुरूआत में टैंक में कार्प के नियंत्रित प्रजनन की शुरूआत होने पर उत्पादकता में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। इस प्रक्रिया में नदी की स्थिति का अनुकरण किया जाता है। अब तो तटीय आर्द्रभूमि और नमक प्रतिरोधी गहरे पानी वाले धान के खेतों में मानव निर्मित बाधाएं बना कर मछली पालन किया जाने लगा है।भारत में8,129 किलोमीटर अर्थात 5,051 मील समुद्री तट रेखाक्षेत्र, 2 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक का एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और व्यापक मीठे पानी के संसाधन हैं। इनमें 3,827 मछली पकड़ने के गांव और 1,914 पारंपरिक मछली अवतरण केंद्र भी शामिल हैं। भारत के ताजे जल संसाधनों में नदियों और नहरों को मिलाकर195,210 किलोमीटर (121,300 मील) क्षेत्र हैं। 2.9 मिलियन हेक्टेयर छोटे और बड़े जलाशय, 2.4 मिलियन हेक्टेयर तालाब और झीलें, और लगभग 0.8 मिलियन हेक्टेयर बाढ़ के मैदान आर्द्रभूमि और जल निकाय हैं, जिनमें मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। समुद्र तटीय राज्यों के प्रमुख उद्योग के रूप में उभरामत्स्य पालन उद्योग भारत में पंद्रह मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार 1947 से मछली का उत्पादन दस गुना से अधिक हो गया है, और 1990 और 2010 के बीच दोगुना हो गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 1.07% योगदान देता है।भारत, चीन के बाद संसार का तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा जलकृषि देश है। भारत में नीली क्रांति ने मात्स्यिकी और जलकृषि क्षेत्र के महत्व को प्रदर्शित किया है। इसमें सरकार द्वारा संचालित मात्स्यिकी विकास से संबंधित विभिन्न मत्स्य योजनाओं, राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाआदि कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण योगदान होने की सत्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है। एक स्थायी और संपन्न मत्स्य पालन क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में मत्स्य किसानों, जलीय कृषि उद्योग के पेशेवरों और अन्य हितधारकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करने, उन्हें प्रोत्साहित करने और सराहना करने के लिए प्रतिवर्ष 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया जाता है। देश के लिए मत्स्य किसानों के व्यापक योगदान और टिकाऊ जलीय कृषि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पहचानने का यह एक अच्छा अवसर होता है। राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवसभारतीय मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रोफेसर डॉ. हीरालाल चौधरी एवं उनके सहयोगी डॉ. के.एच. अलीकुन्ही के योगदान का सम्मान और स्मरण करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने 10 जुलाई 1957 के दिन हाइपोफिजेशन तकनीक द्वारा भारतीय मेजर कार्प्स में प्रेरित प्रजनन और प्रजनन का मार्गदर्शन किया था, जिससे अंततः जल के भीतर अर्थात इनलैंड जलकृषि में क्रांति आई। देश के मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास में मत्स्य किसानों, जल कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यवसायियों, एक्वाप्रेन्योर और मछुआरों द्वारा किए गए योगदान को मान्यता देने और टिकाऊ तरीकों पर सामूहिक रूप से सोचने और मत्स्य संसाधनों का प्रबंधन करने पर विचार- विमर्श करने के लिए एक इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# भारत में विज्ञान पत्रकारिता और जनसंचार माध्यम

**विजय गर्ग**

**विज्ञान** पत्रकारिता और जनसंचार माध्यम प्रिंट मीडियाः जैसे समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, वॉलपेपर, किताबें, पोस्टर, फोल्डर, पुस्तिकाएँ। ऑडियो/विजुअल मीडियाः मुख्य रूप से रेडियो और टीवी, इसके अलावा, फिल्में, स्लाइड शो, बायोस्कोप। लोक मीडियाः यह एक सामान्य अवलोकन रहा है कि लोक मीडिया के माध्यम से उन क्षेत्रों तक पहुंच हासिल करना संभव है जहां अन्य मीडिया की सीमाएं हैं। कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक, मंच प्रदर्शन, लोक गीत और लोक नृत्य, नौटंकी और संचार के अन्य पारंपरिक साधन इस श्रेणी में आते हैं। यह मीडिया लागत प्रभावी, मनोरंजक है और दोतरफा संचार प्रदान करता है। इंटरएक्टिव मीडियाः विज्ञान प्रदर्शनियाँ, विज्ञान मेले, सेमिनार, कार्यशालाएँ, व्याख्यान, वैज्ञानिक यात्राएँ, सम्मेलन, विज्ञान जत्थे आदि। यहाँ लाभ व्यक्ति-से-व्यक्ति और दो-तरफा संचार है। डिजिटल मीडियाः सूचना प्रौद्योगिकी ने तुलनात्मक रूप से एक नये मीडिया को जन्म दिया है, जिसे डिजिटल मीडिया के नाम से जाना जाता है। इसमें इंटरनेट, सीडी-रोम, मल्टीमीडिया, सिमुलेशन आदि शामिल हैं। इसने समाज के विकलांग वर्गों के लिए विज्ञान संचार को भी सरल बना दिया है। इसके अलावा, हम स्थानीय आबादी में प्रभावी ढंग से प्रवेश करने के लिए अपनी 18 क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से विज्ञान को लोकप्रिय बना रहे हैं।

लक्षित दर्शकों का चयन सबसे अधिक महत्व रखता है। हमारे विज्ञान संचार प्रयास विभिन्न लक्षित समूहों, जैसे आम आदमी, बच्चे, छात्र, किसान, महिलाएँ, श्रमिक या विशेषज्ञ आदि के लिए हैं। विज्ञान संचार को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए प्रस्तुतिकरण के विभिन्न रूपों का उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि विज्ञान समाचार, रिपोर्ट, लेख, फीचर, कहानी, नाटक, कविता, साक्षात्कार, चर्चा, व्याख्यान, वृत्तचित्र, डॉक्यू-ड्रामा, साइंटून (विज्ञान+कार्टून), व्यंग्य, आदि। आज कुछ को छोड़कर लगभग हर भारतीय भाषा में लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाएँ हैं। रेडियो और टीवी पर विज्ञान कार्यक्रम आते हैं।

# सुदामा बनो, सुदामा!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कोर्ट**-कचहरी के इस दौर में कुत्ते को कुत्ता और सुअर को सुअर नहीं कहना चाहिए। चूँकि पशुप्रेमी मनुष्यप्रेमियों (ऐसी कोई संस्था नहीं है) से अधिक कर्तव्यनिष्ठ, निष्ठावान और सजग रहते हैं। वे कुत्ते को टॉमी और सुअर को पिगी बैंक की तरह ट्रीट करते हैं। इतना आदर-सम्मान तो मिलना भी चाहिए क्योंकि वे इंसानों से ज्यादा वफादार होते हैं। दल-बदलू तो कतई नहीं होते। यहाँ तो इंसान छींकने तक को महान कार्य समझकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि इंसान बेहतर हैं कि जानवर। सभी लोग पहले मामले को ठीक से समझ लें फिर कोई राय बनाएं। जल्दबाजी न करें। पहले चुनाव हो जाने दें। लोकतंत्र न केवल संविधान का बल्कि भगवान का भी उपहार है। पांच साल में एक बार गरीब आदमी भगवान से भी बड़ा और पूजनीय हो जाता है। उन्हें फल-फूल और नकदी चढ़ानी पड़ती है और आरती के रूप में लाउडस्पीकरों के द्वारा गिड़गिड़ाना पड़ता है। हाथ जोड़ने पड़ते हैं। चिरौरी करनी पड़ती है। यह लोकतंत्र का स्वर्णकाल होता है। जनता आराध्य देव जो बन जाते है। आज पूजा करोगे तो ही कल पूजा कर पाओगे। आपने देखा होगा जब एक पर मूत दिया जाता था तब साक्षात सुपर पॉवर नीचे उतरकर उसके पैर धो दिया करते थे। आदमी से क्या लेना-देना। आदमी का क्या है? भावनाएँ बड़ी होनी चाहिए। आदमी तभी पूजनीय है जब वह मतदाता लगे। मतदाता नहीं तो इंसान का शरीर पाना व्यर्थ है। द्वापर के कृष्ण अब तो चुनाव के समय गली-गली में सुदामाओं को ढूँढ़-ढूँढ़कर मान-सम्मान करते हैं। भले ये सुदामा करोना काल में तड़प ही क्यों न रहे हों, किंतु चुनावकाल में इनकी खातिरदारी बड़े जोर-शोर से की जाती है। हाँ यह अलग बात है कि असली भगवान को लेकर केंद्र और राज्य के बीच मतभेद हो सकते हैं। चुनाव के समय सुदामा बनने का जो लाभ है वह अन्य किसी समय नहीं हो सकता।

## न्यूज फ्लैश

### कुतुबपुर में निशुल्क आई कैंप में 267 व्यक्तियों ने आँखों के कराई जांच



**टीम एक्शन इंडिया / रेवाड़ी**
रेवाड़ी के खड्डा बस्ती कुतुबपुर में राजबीर यादव द्वारा एसएसपी फाउंडेशन ट्रस्ट और रीति आई केयर हॉस्पिटल के सहयोग से रामकुमार जाजोरिया कि अध्यक्षता में निशुल्क आई कैंप लगाया जिसमें संजय डाटा बतौर मुख्य अथिति शामिल हुए और उन्होंने स्वास्थ्य पोल्लुशन विषय पर जागरूकता पर अपने विचार रखे,24 नंबर वार्ड के पार्षद नीरज ने अपनी जिम्मेदारी को भरपूर निभाया,इस कैंप में एसएसपी फाउंडेशन ट्रस्ट कि तरफ से भावना छाबरा,मोनिका फोगाट,शीतल छिलर, रितेश चौधरी और पवन कुमार ने योजना बद्ध तरीके से कैंप कि व्यवस्था को संभाला कइस कैंप में 267 व्यक्तियों ने अपने नेत्र कि जांच कराई,पीडितों को दवाई दी और आंखों कि जांच के बाद चश्मे का नंबर दिए गये और उनको चश्मे बना के देने कि तारिक दी, जिनकी आँखों के ऑपरेशन होने है, उनको ऑपरेशन की तिथि बता दी गई, दवाइयों और ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क रहेगा क एसएसपी फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रधान पवन कुमार ने संस्था कि तरफ से सभी का धन्यवाद किया क

### खेलों को बढ़ावा देने में उनकी संस्था कोई कसर नहीं छोड़ रही है: प्रतीक राजकुमार शर्मा



**राई।** राई हल्के के गांव भेरा बाकीपुर में हर साल की तरह योगी कोचिंग केंद्र द्वारा कबड्डी वी रस्साकशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर शर्मा का योगेश चौहान के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य स्वागत किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेड व वाइट टीम के बीच खेला गया। जिसमें रेड टीम के नीरज, निखिल, अमन, कार्तिक, गोविन्दा, अमन, सागर, रोहन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शील्ड पर कब्जा किया । समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए अपनी तरफ से खिलाड़ियों को 51 हजार रुपये का योगदान दिया और युवाओं का प्रोत्साहन बढ़ाया। प्रतीक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों को बढ़ावा देने में उनकी संस्था कोई कसर नहीं छोड़ रही । उन्होंने कहा कि गांव में खेल प्रति भाई बहुत छुपी हैं उनको तरासने जरूरत है। आज गांव के खिलाड़ी विदेश में पदक जीत कर अपने गांव ,जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं । यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है । उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल जरूर खेलना चाहिए, खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। से वेदपाल चौहान, संजय चौहान, मास्टर हरीसिंह, विजयपाल चौहान, मास्टर सरदार सिंह, बीरपाल, तेजपाल, धर्मबीर, नवीन चौहान जखोली प्रधान, लाला, सत्ते आदि शामिल थे।

### एजु और बी यंग के अंजानी एक्स में एक नई आवाज के साथ ओल्ड स्कूल बॉलिवुड की यादों का आनंद लीजिए




**नई दिल्ली।** संगीत का ऐसा फ्यूजन, जिसकी कोई सीमा न हो, पेश करते हुए अंजानी एक्स में एजु के जीवंत गीत और बी यंग के विशेष अंतर्राष्ट्रीय आरएंडबी फ्लेयर का बेहतरीन संगम हुआ है। यह सेंसेशनल गीत अंजानी एक्स कुछ कुछ होता है के लोकप्रिय गीत लड़की बड़ी अनजानी है की यादों में ले जाएगा, जिसके बोल इंग्लिश और पंजाबी लिरिक्स के साथ इस गीत में शामिल किए गए हैं, और एक ऐसा संगीत का अनुभव पेश किया गया है, जो पूरे विश्व के श्रोताओं का मन मोह लेगा। इस आकर्षक ट्रैक अनजानी एक्स में एजु और बी यंग के विशेष स्टाईल के खूबसूरत मिश्रण के साथ बॉलिवुड की वास्तविक भावना को जीवंत किया गया है। पंजाबी गीत पर एजु के एक नए रुख और बी यंग के अद्वितीय आरएंडबी स्टाईल के बेहतरीन तालमेल से संगीत का एक ऐसा अनुभव उत्पन्न हुआ है, जो संगीत की विभिन्न रुचियों के अनुरूप है। इसकी आकर्षक बीट्स, गीत के मोहक बोल, और शानदार संगीत वीडियो ने इस ट्रैक को बेहद लुभावना बना दिया है। इसके म्यूजिक वीडियो की शुरूआत एजु और बी यंग के साथ होती है, जो इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह बहुत ही दिलकश वीडियो है, जो सभी कलाकारों को उनके सिग्नेचर स्टाईल में दिखाता है। बॉलिवुड शैली में डांसर इस गीत को और ज्यादा लुभावना बना रहे हैं। संगीत के इस बहुआयामी प्रयोग में पूर्व और पश्चिम की शैलियाँ एक साथ आकर दर्शकों के लिए एक आकर्षक अनुभव का निर्माण कर रही हैं। अपने इस गीत के बारे में एजु ने कहा, अंजानी एक्स बनाने के लिए हमें आधुनिक बीट्स में सांस्कृतिक प्रभावों का प्रयोग करना था, जो एक बहुत ही रोमांचक और समृद्ध अनुभव रहा।

# 'सच्चे मन से पूजा करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी करती है छठ मैय्या'

## पूर्वाचलियों को छठ पूजा की बधाई देने एक दर्जन स्थानों पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं पूर्व मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री राजीव जैन

**अनुष्ठान**

8 श्रद्धालुओं व व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया को नमन किया





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने वालों की छठ मैय्या सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। यह बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व है और मैं सभी को इसकी शुभकामनाएं देता हूं। रविवार को पूर्वाचलियों को छठ पूजा की बधाई देने के लिए कविता जैन एवं राजीव जैन कृपाल आश्रम के नजदीक कबीरपुर, बाबा कॉलोनी, चावला कॉलोनी, इंडस्ट्रीयल एरिया,ऋषि कालोनी,मोहन नगर, महलाना नहर ,ककरोई नहर, तथा श्रीनगर सहित एक दर्जन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर आज श्रद्धालुओं व व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया को नमन किया है। इस अनुष्ठान के लिए जिलेभर में रह रहे पूर्वांचल के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर उनके सुख-समृद्धि में वृद्धि करते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना और उसके उपरांत कठिन तपस्या करने वाले पूर्वांचली नागरिकों को भगवान भास्कर निश्चित तौर पर इसका लाभ प्रदान करेंगे। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि छठ किसी व्रत या त्योहार का नाम नहीं है। यह हमारी सृष्टि का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि छठ ऐसी तपस्या है कि जिसमें मांगने की जरूरत नहीं। व्रत करने के पीछे न कहीं लोभ है और न लालच। मन में बस एक संकल्प होता है और इस संकल्प में होती है निष्ठा और पूरी ईमानदारी। छठ की तिथि का ही कमाल है कि हवाएं रुख बदल लेती हैं, मन-मस्तिष्क में सौहार्द के भाव उत्पन्न होने लगते हैं। छठ पर्व पर घर-परिवार, गांव-शहर और मोहल्लों में मधुर आस्था का एहसास होने लगता है। उन्होंने कहा कि सोच-विचार- आचार- व्यवहार में पूरा बदलाव होता है। कार्यक्रमों में संजय ठेकेदार, अभिमन्यु सिंह, शंकरस्वरुप शास्त्री, परदीप सिंह, अशोक तिवारी, रमेश कुमार, दिलीप कुमार, राजेश यादव, उमेश साहनी, अजय चौहान, अरविंद पांडे, खुब लाल, रोहित, संतोष ठाकुर, इंद्र मिश्रा, सोनू, राकेश पांडे,जय भगवान यादव,रमेश, संतोष कुमार, राजकुमार, जोगिंदर और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सेंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना तथा इसके उपरांत पुनः जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुमार्ने के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुनः अपराध करने पर एक लाख रुपए तक जुमार्ने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है।
उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान करते हुए कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

## 'श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता प्राणियों का कल्याण'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने अग्रवाल सदन गुड़ मंडी से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए इस पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने स्वयं भी कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं।

कलश यात्रा का आयोजन अग्रवाल सदन गुड़ मंडी से भूरे बाबा के मंदिर तक किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर कलश यात्रा पारंपरिक रूप में आयोजित की जाती है, जिसके दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। कलश यात्रा में शामिल होना सौभाग्य की बात है इस मौके पर आयोजकों ने पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर शंकर स्वरुप शास्त्री, राकेश गोयल, सुभाष जिंदल, संतोष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



जिओ गीता परिवार द्वारा स्थानीय गीता भवन मंदिर के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय दिव्य गीता सत्संग में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया और जीवन की समस्याओं का समाधान गीता बारे प्रेरक विचार श्रवण किये। इस अवसर पर राजीव शास्त्री, मुकेश सिकरी, मुकेश अरोड़ा, मनोज डेम्बला, अनिल बत्रा, परमिंदर बत्रा, योगेश शर्मा, आशु चुघ, धीरज, नरेंद्र पाल, अचिल सचदेवा, जतिन डेम्ब्ला, ओ०पी० परुथी, हिमांशु कुकरेजा, रमेश बजाज, संजय सचदेवा, धीरज कुमार आदि सैंकड़ो गीता भक्त उपस्थित रहे।

कविता - राजीव जैन ने राजेंद्र नगर में टेलीफोन एक्सचेंज के सामने फ्लाई ओवर के निचे व्यास गद्दी पर विराजमान कथा वाचक आचार्य विपिन वशिष्ठ जी के मुखारविंद से श्री मद भागवत महापुराण के अंतर्गत अमरकथा का श्रवण किया।

## स्व. प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के बलिदान को देश कभी नहीं भूला सकताः बलबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हल्का** इसराना की जनता का आशीर्वाद मेरे पास है। आपकी ताकत के दम पर ही एक गरीब बीपीएल परिवार का बच्चा हल्के की जनता की आवाज बन हरियाणा विधानसभा में आपके हकों की आवाज को बुलंद करने का काम कर रहा है। यह आपके आशीर्वाद का बल है। विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि इन्दिरा गांधी की 107वीं जयंती के अवसर पर कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 3 दिसम्बर को मतलौडा



अनाज मंडी में हल्का इसराना की जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसको पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह के साथ अन्य कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता भी संबोधित करेंगे। यह रैली अभी तक की सभी हल्का स्तरीय रैलियों का रिकार्ड तोड़ेगी।

## एक दिन पूरे देश में आम आदमी पार्टी का राज होगा: ढांडा

**गोहाना/सोनीपतः**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को गोहाना के गांव कासंडी में जनसभा की। कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता और यूथ विंग के जिला अध्यक्ष अनुराग मलिक ने किया। अनुराग ढांडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बदलाव का समय है और जब बदलाव, क्रांति का समय होता है तो हरियाणा-पंजाब क्षेत्र के लोग शांत नहीं बैठ सकते। देश में जब जब विपदा आई और किसान आंदोलन हुए तो हरियाणा और पंजाब के लोगों ने मिलकर सत्ता का मुकाबला किया।

## 'नि :शुल्क चिकित्सा शिविर गरीब लोगों के लिए वरदान'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
आदर्श एक सोसायटी द्वारा रविवार को 50वें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेंद्र रेवड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच, आंखों की जांच, शुगर जांच सहित अन्य कई प्रकार की जांच की गई। इस मौके पर डॉ.रजत गुप्ता, डॉ.प्रशांत शर्मा एवं डॉ.जोत सिंह राजा का मरीजों की जांच में विशेष सहयोग रहा। शिविर में चार्ली ग्रुप एवं फूड मोहल्ला पानीपत का भी विशेष सहयोग रहा। मुख्यतिथि सुरेंद्र रेवड़ी ने कहा कि आजकल को भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्थी खानपान की वजह से रोग बढ़ते जा रहे हैं। बहुत से जरूरतमंद और गरीब लोग समय अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच नहीं करा पाते। ऐसे में समाज सेवी संगठन निःशुल्क जांच शिविर लगाकर बहुत पुण्य का काम कर रहे हैं। उन्होंने आदर्श एक सोसायटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रसंशा की और भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और अपनी तरफ से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। सोसायटी के प्रधान नवीन मुंजाल ने बताया कि यह सोसायटी द्वारा 50वां स्वास्थ्य जांच शिविर था। जिसमें करीब 140 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही निःशुल्क दवाई एवं चश्में भी वितरित किए गए। इस दौरान शहर की कुछ संस्थाओं व सहयोगी शख्सियतों को सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें आसरा फाउंडेशन, संदीप कल्याणी कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट, आरंभ फाउंडेशन, मदद बैंक, ग्रीनमेन प्रो. दलजीत कुमार, डॉ.श्रेया मिड्ढा, इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर प्रवीन नांदल शमिल हैं।

## प्रकाश उत्सव: धूमधाम से निकाला गया नगर कीर्तन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**
गुरूद्वारा भाई लालो जी सिंह सभा पटेल नगर, तहसील कैम्प द्वारा श्री गुरूनानक देव जी के 554वें प्रकाश उत्सव पर वार्षिक अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील टाऊन की प्रमुख धार्मिक एक सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया । प्रभात फेरी के रूप में निकाले गए इस नगर कीर्तन में इलाके के प्रमुख गुरूद्वारों तथा मन्दिरों की प्रभात फेरियां शामिल हुई। इनमें प्रमुख थी गुरूद्वारा भाई लालो जी, गुरूद्वारा श्री गुरूनानक द्वारा, श्री राम मन्दिर, श्री हनुमान



मन्दिर फतेहपुरी चौक, गुरूद्वारा माया देवी जी, गुरूद्वारा फतेहपुरी, गुरूद्वारा बन्दा सिंह बहादर, गुरूद्वारा कलगीधर सिंह सभा, श्री हनुमान मन्दिर पटेल नगर, प्रेम मन्दिर पटेल नगर, प्राचीन शिव मन्दिर, राम नगर, प्रेम मन्दिर, पटेल नगर, गुरूद्वारा भाई केसर सिंह, गुरूद्वारा राम गडिया सिंह सभा, स्त्री सत्संग सभा गुरूद्वारा भाई लालो जी, गुरूद्वारा गुरू अर्जुन देव जी पानीपत शामिल हैं। श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में निकाले गए इस नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की। नगर कीर्तन भाई लालो जी चौक पटेल नगर से सुबह सात बजे आरम्भ होकर तहसील टाऊन के मुख्य मार्गों फतेहपुरी चौक, जट्टू चौक, भूल भुलैया चौक, भावना चौक, दुष्यंत नगर, अशोक नगर, न्यू रमेश नगर, जवाहर नगर, भगत नगर और ग्रीन पार्क से होते हुए दोपहर गुरूद्वारा भाई लालो जी में सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन के रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने लंगर के स्टाल लगाये हुए थे। नगर कीर्तन की समाप्ति पर गुरूद्वारा भाई लालो जी में लंगर लगाया गया। कौमी एकता के प्रतीक इस नगर कीर्तन का उद्देश्य श्री गुरूनानक देव जी के उन उपदेशों को याद दिलाना था

## रोशन लाल रोहिल्ला फिर से बने संत नामदेव रोहिल्ला क्षत्रिय महासभा के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
सेक्टर 6 शांति नगर स्थित संत नामदेव रोहिल्ला धर्मशाला में आज संत नामदेव रोहिल्ला क्षत्रिय महासभा के चुनाव चुनाव अधिकारी सेवानिवृत एसडीओ धर्मपाल रोहिल्ला की देखरेख में कराए गए। जिसमें सर्वसम्मति से निवर्तमान प्रधान रोशन लाल रोहिल्ला सेवानिवृत बीडीपीओ को पुनःप्रधान चुना गया। इसके अलावा उप प्रधान सेवानिवृत एक्सईन राजेंद्र रोहिल्ला व सेवानिवृत एटीओ कुलदीप सिंह रोहिल्ला को, महासचिव एडवोकेट कुलदीप सिंह रोहिल्ला व सुरेन्द्र रोहिल्ला, सचिव कर्मबीर



रोहिल्ला,कैशियर जगदीश जोहरा, संगठन सचिव अनिल रोहिल्ला, महासिंह रोहिल्ला,सतीश रोहिल्ला, प्रेस सचिव प्रमाल सिंह रोहिल्ला, प्रवक्ता हेमंत रोहिल्ला, सनौली ब्लाक प्रभारी जयकिशन रोहिल्ला, इसराना प्रभारी जगदीश शाहपुर, समालखा प्रभारी बिजेंद्र रोहिल्ला, दीनानाथ कालोनी अनिल रोहिल्ला व मदन कुमार रोहिल्ला को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है।

## विधायक राजेंद्र जून ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को जयंती पर किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून व कार्यकताओं ने नमन किया। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी गरीबों की मसीहा थी। उन्होंने हमेशा गरीब व कमजोर वर्ग के साथ साथ सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर सरकार की नीतियां बनाई। इंदिरा गांधी ने जनहितैषी नीतियों के माध्यम से कड़े फैसले लेकर पूरे विश्व में भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक, विकास व सुविधाओं में अग्रणी राष्ट्र की पहचान



दिलवाई। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश को कठिन परिस्थितियों में सफलतापूर्वक नेतृत्व प्रदान किया। पूरा विश्व उनकी नेतृत्व क्षमता का लोहा मानता था। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि इंदिरा गांधी ने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक भारत देश की प्रधानमंत्री बनकर अनेकों साहसिक एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसके चलते वे आज भी पूरे विश्व में उनको लेडी आयरन के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री के पद पर कार्य करते हुए इंदिरा गांधी ने गरीब व कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए नीतियां बनाई जिनका लाभ आज भी सभी वर्गों को मिल रहा है। पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल, राजू लडरावन, हरिचन्द अहलावत,

**याद किया**

8 इंदिरा गांधी ने गरीब व कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए नीतियां बनाई जिनका लाभ आज भी सभी वर्गों को मिल रहा

भगत सिंह जून, किशनचंद सैनी, संजय पहलवान,मीरे राठी,वेदपाल, पवन प्रधान, रामकुमार जून,धर्मबीर भगत , महेंद्र मेहंदीपुर,कृष्ण ,देवेंद्र दहिया, मुख्त्यार, लालसिंह चौहान, ओमप्रकाश, मंजीत दहिया सहित कई कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जयंती पर नमन करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए देश सेवा के मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

## न्यूज फ्लैश

### रोहतक : कारौर हत्याकांड में दो आरोपी गिफ्तार, पांच दिन के रिमांड पर

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
गांव कारौर के अमित हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपराध जांच शाखा एक की टीम ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।
पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि 2018 में हुए आनंद हत्याकांड का बदला लेने के लिए छाजू गैंग ने योजनाबद्व तरीके के मोहित हत्याकांड को अंजाम दिया है।
पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, अदालत ने उन्हें पांच दिन के रिमांड पर भेजा है। साथ ही बाकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अपराध जांच शाखा एक व दो की टीम लगातार संबंधित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।
डीएसपी सांपला राकेश मलिक ने बताया कि दीवाली वाले दिन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गांव कारौर में मोहित की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि दीपावली की दोपहर करीब एक बजे गांव कारौर निवासी मोहित बाइक से खेत में गया हुआ था। उसके पिता अजीत ने मोहित को घर के काम से वापिस घर बुला लिया।
मोहित जब खेत से वापस आ रहा था तो वह गांव में कुम्हारो वाली गली के पास पहुचा तो जतीन, कपिल, पुलकित व अन्य युवक अपने हाथों में हथियार लिए हुए आये। जतिन व उसके साथियों ने पीछे से मोहित पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मोहित अपनी जान बचाने के लिए गली में भागा तो युवकों ने पीछा कर मोहित पर कई फायर किए। अजित व अनिकेत , मोहित को बचाने के लिए भागे तो युवकों ने उन पर भी फायरिंग कर दी। मोहित के गिरने के बाद युवकों ने काफी फायर किए और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के कारण मोहित की मौके पर ही मौत हो गई।
शनिवार की रात अपराध जांच शाखा एक की टीम ने सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए मोतिया खान, दिल्ली से वारदात में शामिल रहे आरोपी प्रशांत उर्फ अंशुल निवासी पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद व रोहित उर्फ मोटा निवासी गांव टिटोली रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।
**बदला लेने के लिए की गई थी मोहित की हत्या**
गांव कारौर में कई सालों से छाजू गैंग व अनिल छिपी गैंग के बीच दुश्मनी चली आ रही है। दुश्मनी के कारण दोनों पक्षो के कई लोगों की हत्या हो चुकी है। साल 2018 में अनिल छिपी गैंग द्वारा आनंद निवासी कारोर की हत्या की गई थी। आनंद हत्याकांड में मोहित निवासी कारोर भी गिरफ्तार हुए था। मोहित पर आनंद की रैकी करने का आरोप था। जिसका बदल लेते हुए छाजू गैंग से जतिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोहित की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। जतिन का आपराधिक रिकार्ड रहा है। जतिन के खिलाफ मार्च 2022 में थाना शिवाजी कालोनी रोहतक में स्नैचिंग व मारपीट के दो मामलें दर्ज है जिनमें जतिन गिरफ्तार हो चुका है।
उक्त मामलें में गिरफ्तार होकर जतिन फरीदाबाद में बोस्टल जेल में रहा है। फरीदाबाद में बोस्टल जेल में जतिन की मुलाकात प्रशांत उर्फ अंशुल से हुई जो स्नैचिंग के एक मामलें में जेल में बन्द था। जतिन व प्रशांत उर्फ अंशुल ने जमानत पर आने के बाद इंस्टाग्राम के माध्यम से एक-दुसरे से संपर्क किया। प्रशांत उर्फ अंशुल कई बार जतिन के पास घर पर मिलने आया तथा कई दिनों तक उसके घर पर भी रहा है।
जतिन अपने पिता की हत्या होने के बाद कई सालों तक गांव टिटौली में अपने मामा के घर रहा है। जहां उसकी दोस्ती गांव टिटौली के रहने वाले रोहित उर्फ मोटा पुत्र प्रवेश व साहिल पुत्र मुकेश व आकाश पुत्र नरेश के साथ हो गई। रोहित उर्फ मोटा का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है जो सन 2021 में मारपीट के एक मामलें में गिरफ्तार हो चुका है। जो बाद में अदालत द्वारा बरी हो चुका है। जेल से जमानत पर आने के बाद जतिन ने अवैध हथियारों को बेचने का अवैध धंधा शुरू किया।

### हिसार : घर से नकदी व जेवरात लेकर एमबीए छात्रा फरार, पुलिस को दी शिकायत

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
एचटीएम थाना क्षेत्र से एक एमबीए छात्रा के घर से फरार होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर उसे भगाने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप है कि युवती अपने साथ 40 हजार रुपए व सोने के जेवरात ले गई है।
महावीर कॉलोनी रामलीला मैदान निवासी व्यक्ति ने रविवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने किरयाना की दुकान कर रखी है।

# गुरुग्राम में प्रदूषण से बढ़ गए 40 प्रतिशत सांस के मरीज



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में बढ़ता प्रदूषण लोगों को सांस संबंधी बीमारियां पैदा कर रहा है। आलम ये है कि सरकारी अस्पताल में ही सांस संबंधी रोगियों की संख्या में 40 प्रतिशत इजाफा दर्ज किया गया है। इसके अलावा नाक, कान व गला रोगियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। दीपावली के बाद वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। अस्थमा रोगियों के साथ ही आम लोगों में भी सांस संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
नागरिक अस्पताल में आम दिनों की अपेक्षा 40 प्रतिशत सांस के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। रोजाना 70-80 मरीज सांस की समस्या से पीड़ित पहुंच रहे हैं। एलर्जी रोगियों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है।
वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि वातावरण में धूल-धुआं के साथ नाइट्रोजन डाइ आक्साइड और सल्फर डाइआक्साइड का स्तर बढ़ा है। सुबह-शाम प्रदूषण कारक तत्वों की परत नीचे रहती है। सांस लेने पर प्रदूषण मिश्रित रसायन सांस रोगियों, अस्थमा और टीबी पीड़ितों की नलिकाओं में जाकर एलर्जी करते हैं, जिससे नलिकाओं में सूजन आने से अस्थमा का अटैक व दम फूलता है,खांसी आती है, वह भी बलगम वाली, तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं, क्योंकि यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। बच्चों को यह अपनी गिरफ्त में जल्दी ले लेता है। साथ ही वायरल संक्रमण से बुखार व सांस लेने के मरीज भी आ रहे हैं
**इनहेलर के साथ स्ट्रोरोइड का लगाया जा इंजेक्शन**
वरिष्ठ फिजिशियन के बताया कि सांस की समस्या से पीड़ितों मरीजों के इलाज इनहेलर, नबोलाइज, स्ट्रोरोइड से किया जा रहा है। जिन मरीजों को इनहेलर से राहत नहीं मिल रही उनके स्ट्रोरोइड का इंजेक्शन लगाया जा रहा है।

# पानीपत में छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री और सांसद मनोज तिवारी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत के एनएफएल घाट पर रविवार की शाम को छठ पूजा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। पानीपत में पहली बार छठ पर्व पर ऐसे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सांसद मनोज तिवारी भी शामिल हुए।
पानीपत में छठ पर्व के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कई घोषणाएं की। इसके बाद सांसद मनोज तिवारी ने उनकी मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छठ घाट के लिए कुछ राज्यों में तो लोगों को संघर्ष करना पड़ा है लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री का बड़ा दिल देखिएए जो उन्होंने करोड़ों रुपये से छठ घाट बनाने की सौगात दी है।
कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से गायिका मीनाक्षी पांचाल और गायक हरीश ने भोजपुरी गीतों से सभी लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने जैसे ही गाना शुरू किया तो लोग उत्साह से भर गए और तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। छठ पर्व से जुड़े अलग-अलग गीतों की स्वर लहरियों पर लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। सांसद मनोज तिवारी ने छठ का गीत गाकर सुनाया।के आयोजन के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बूढ़े तक उत्साहित होकर झूमते दिखे।

# युवक ने गोली मार की आत्महत्या



**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
पलवल में युवक ने गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी के रिश्तेदार दंपती पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने रविवार को शिकायत के आधार उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।
मिली जानकारी अनुसार कमरावली गांव निवासी ब्रह्मपाल नागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई आकाश (32) की शादी जून 2020 में राजस्थान के किशनगढ़ निवासी सोनिया के साथ हुई थी।
सोनिया घर में झगड़ा करके अपने मायके चली गई थी। उसके तीन-चार माह बाद आकाश व परिवार के अन्य लोग सोनिया को लेने उसके गांव पहुंचे। जिस पर उसके परिजन सोनिया को उनके साथ भेजने के लिए राजी हो गए।

### कारौर हत्याकांड में दो आरोपी गिफ्तार, पांच दिन के रिमांड पर

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
गांव कारौर के अमित हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपराध जांच शाखा एक की टीम ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।
पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि 2018 में हुए आनंद हत्याकांड का बदला लेने के लिए छाजू गैंग ने योजनाबद्व तरीके के मोहित हत्याकांड को अंजाम दिया है।
पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, अदालत ने उन्हें पांच दिन के रिमांड पर भेजा है। साथ ही बाकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अपराध जांच शाखा एक व दो की टीम लगातार संबंधित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए सोनीपत को राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मिला सम्मान



**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**
भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड द्वारा इंद्रधनुष आडिटोरियम पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए सोनीपत जिले को सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता सभी जिलों के सरकारी व निजी स्कूलों में 28 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। जिला परियोजना अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा ने बताया कि जानकीदास कपूर विद्यालय सोनीपत की छात्रा राशी ग्रोवर व जिला सहायक परियोजना अधिकारी डा. अत्तरसिंह को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सोनीपत हमेशा परिषद के कार्यों को और अधिक उत्साह के साथ करता रहेगा।
इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी आभार जताया तथा कहा कि बच्चों में इस प्रकार के कार्यक्रम से उनकी प्रतिभा में निखार आता है। डा. अत्तर सिंह ने कहा कि इस पेंटिंग प्रतियोगिता में सरकारी व निजी स्कूलों की भागीदारी के लिए जिला कोआर्डिनेटर बिजेंद्र कुमार व एबीआरसी का बहुत सहयोग रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के राज्य प्रभारी एसोसिएट कंसलटेंट रामकुमार भी आभार जताया।

# भारतीय किसान यूनियन के सूरजभान बने जिला प्रधान

**समर्थन**

**8 दुसरे पक्ष ने जगपाल को फिर पहनाई प्रधान की पगड़ी तो जगपाल ने दिया संदीप कुराड को समर्थन**



**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान को लेकर काफी समय से चल रही खींचतान को वैसे तो रविवार को नया प्रधान चुने जाने पर विराम लग गया,लेकिन वही दुसरी और दुसरे पक्ष ने प्रशासन व किसान भवन की और से चुनाव कराने के लिए आए कमेटी सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए है। रविवार को बापौली गांव के सरकारी स्कूल में भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान चुनाव को लेकर हजारों की सख्यां में आस-पास के गांवों से पुरूष व महिला किसान एकत्रित हुए। इस दौरान प्रशासन की और से नायब तहसीलदार बापौली कैलाश चंद व बापौली थाना प्रभारी अतर सिहं भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहें। प्रधान का चुनाव कराने के लिए किसान भवन की और से आए किसान भवन कमेटी संयोजक पवन कादियान ने प्रधान पद के लिए आवेदन मांगे। इस दौरान गढी भलौर गांव से सूरजभान रावल, गोयला खुर्द से जगपाल रावल,ऊझा से तेजपाल फौजी व कुराड गांव से संदीप उर्फ भटरा ने प्रधान का चुनाव लडने के लिए अपनी सहमति जताई। उपस्थित जनसैलाब को पवन कादियान ने कहा कि वो अलग-अलग हिस्सों में हो जाए। जो जिस तरफ है वो उसी उम्मीदवार की तरफ हो जाए। इसके उपरांत पवन कादियान ने कहा कि सूरजभान रावल की तरफ लोगों की संख्या ज्यादा है। इसलिए सूरजभान रावल को किसान भवन का प्रधान नियुक्त किया जाता है। और इस परंपरा के हिसाब से किसान भवन के प्रधान बनते आए है। तभी उनके समर्थकों ने उन्हे कंदो पर उठा लिया। इतना सुनते ही दुसरे पक्षों ने नाराजगी जताई और जगपाल व संदीप के समर्थन में आए लोगों ने एकजुट होकर फिर से जगपाल को पगड़ी पहनाकर प्रधान की घोषणा की,
लेकिन जगपाल ने उक्त पगडी को संदीप देशवाल के सिर पर पहनाते हुए उसे अपना समर्थन दे दिया। उनके समर्थन देते ही संदीप जिंदाबाद के नारे लगने शुरू हो गए और उसे भी उसके समर्थकों ने सिर पर उठा लिया। सूरजभान प्रधान बनते ही अपने समर्थकों के साथ किसान भवन पानीपत पहुंचें जहां कमेटी सदस्यों ने उसे नियुक्ति पत्र दिया।

### सभी पार्टियां आगामी विस चुनाव में उचाना से महिलाओं को बनाए उम्मीदवार : बीरेंद्र

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
छातर गांव में हलकास्तरीय सखी-सहेली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, हिसार लोकसभा से सांसद बृजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। हलके भर से पहुंची महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वो चाहे कांग्रेस, भाजपा, आप, बीएसपी चाहे कोई भी पार्टी हो वो महिला को उम्मीदवार बनाए।
शिक्षा के बिना समाज नहीं है। उचाना में शिक्षा का स्तर बढ़े इसलिए अलेवा के बाद एक कॉलेज बीती सरकार में बनवाने के लिए तत्कालीन विधायक प्रेमलता को कहा था। अलेवा के बाद छातर में महिलाओं के लिए कॉलेज मंजूर हुआ लेकिन चार साल से अधिक समय हो गया हैं एक ईंट तक नहीं लगी। हमारा हिस्सा चुनाव के बाद अगर सत्ता में हुआ तो छह महीने के अंदर छातर गांव में ऐसा कॉलेज बनाएंगे जिसे आस-पास के एरिया से लोग देखने आएंगे। 50 करोड़ से अधिक विकास कार्य बीती सरकार में छातर में हुए। उचाना हलके की 11 महिलाओं को वो खुद के खर्च पर हवाई जहाज का सफर करवाएंगे। अयोध्या, बनारस एवं मुस्लिम महिलाओं को अजमेर लेकर जाएंगे। नए साल में जींद जिले के पांचों विस का महिलाओं का कार्यक्रम होगा जिसमें 10 हजार महिलाएं हिस्सा लेंगी। महिलाओं को पूर्व विधायक प्रेमलता भगवान श्रीराम के मंदिर अयोध्या, भगवान कृष्ण के मथुर मंदिर लेकर जाएगी। पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह ने कहा कि राजस्थान चुनाव में भाजपा सत्ता में वापिस करेंगी। राजस्थान में झूठे वायदे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कर रहे है।

### हिसार : ट्रक चालक ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक, दो घायल

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
हांसी क्षेत्र के गांव भाटला में पेट्रोल पंप के पास ट्रक और कार की की टक्कर में ट्रक में सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पुलिस को दी शिकायत में ट्रक चालक परमजीत सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रक में यूपी से धान लेकर टोहाना की तरफ जा रहे थे। भाटला गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो उनके आगे एक कार चल रही थी। कार के चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए।परमजीत ने भी अचानक ब्रेक लगाए। बचाने के बावजूद ट्रक का अगला हिस्सा कार से टकरा गया जिसमें वह और उसका साथी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना एंबुलेंस को दी।

# आपन वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग में पूजा त्यागी ने झटका स्वर्ण पदक



**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**
किर्गिस्तान के बिश्केक में 16 से 19 नवंबर तक हुई आपन वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में धतूरी गांव की बेटी पूजा त्यागी ने स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम बढ़ाया है। पूजा त्यागी ने 67.5 किलोग्राम भारवर्ग में 355 किलोग्राम भार उठा कर स्वर्ण पर कब्जा जमाया है।
किर्गिस्तान पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष ने पूजा त्यागी को मेडल पहना कर सम्मानित किया। पूजा त्यागी की इस सफलता पर उनके पिता जेजेपी के प्रदेश सह सचिव सियानंद त्यागी, ससुर अमरीश त्यागी व पति अमनदीप गर्व महसूस कर रहे हैं। पिता सियानंद त्यागी ने बताया कि इससे पहले भी उनकी बेटी पूजा ने 2021 में केरल में हुई नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण, 2020 में भिवानी में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण मेडल व 2019 में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। पूजा त्यागी ने इस सफलता का श्रेय अपने पति व कोच अमनदीप को दिया है। पूजा ने बताया कि शादी के बाद उनके पति अमनदीप ने उनको आगे बढ़ने में भरपूर सहयोग दिया। कई बार प्रतियोगिताओं में वह खुद भी उनके साथ भी जाते हैं और उनका उत्साहवर्धन करते हैं। सियानंद त्यागी ने कहा कि उनकी बेटी भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह का भारत का नाम रोशन करती रहेगी।

# क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने के लिए रेलवे रोड पर बाजार में लगवाई स्क्रीन





**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने के लिए रविवार को युवाओं में पूरा जोश देखने को मिला। वहीं शहर के रेलवे रोड पर जैन इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ से संचालक गौरव जैन व श्री राधे फैशन स्टूडियो की तरफ से संचालक अंकित मल्होत्रा ने मैच को देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर व्यवस्थाएं की। मैच के दौरान उत्साहित हुए श्री राधे फैशन स्टूडियो के संचालक अंकित मल्होत्रा ने कहा कि इसके साथ ही हम जश्न के लिए ढोल बुक करवा दिया है । शहर के मुख्य बाजार में लगी बड़ी एलइडी स्क्रीन पर मैच देखने के लिए बाजार में खरीदारी करने आए लोग भी मैच का आनंद उठाते नजर आए । श्री राधे फैशन स्टूडियो की तरफ से वह जैन इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ से शहर के लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां भी उपलब्ध करवाई गई।

# पंडित लख्मीचंद को भारत रत्न से नवाजा जाए : अरविंद शर्मा

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
बहादुरगढ़ में आयोजित पांच दिवसीय सांग उत्सव के आखरी दिन रविवार को प्रसिद्ध सांगी पंडित विष्णुदत्त ने फूल सिंह और नौटंकी का किस्सा सुनाया। इस किस्से में लक्ष्मी रूप बीर का हो सै, घर भरवाना चाहिए। याहे कसूर सै फूल सिंह का ब्याह करवाना चाहिए.... रागनी सुनकर सभी हजारों श्रोता भाव विह्वल हो गए।
सांग उत्सव का आयोजन कवि सूर्य पंडित लख्मीचंद धर्मशाला प्रबंध समिति ने करवाया। इस अवसर पर सांसद अरविंद शर्मा ने पंडित लख्मीचंद को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। पांच दिवसीय सांग उत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक लोकसभा से सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेन्द्र सिंह जून और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश कौशिक के पुत्र हिमांशु कौशिक, बादली से विधायक कुलदीप वत्स के पुत्र जतिन वत्स व भाजपा नेता पंकज जैन उपस्थित रहे।सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि पंडित लख्मीचंद भारत रत्न के सच्चे हकदार हैं। हरियाणवी संस्कृति को जिंदा रखने के लिए पंडित जी को सम्मान देना जरूरी है। सांसद शर्मा ने धर्मशाला में पुस्तकालय खोलने के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा की। पूर्व विधायक नरेश कौशिक के पुत्र हिमांशु कौशिक ने धर्मशाला के लिए एक लाख एक हजार रुपये भेंट किए। कांग्रेस विधायक राजेन्द्र सिंह जून और भाजपा नेता पंकज जैन ने ग्यारह ग्यारह हजार रुपये धर्मशाला को भेंट किए।विधायक राजेन्द्र सिंह जून ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति के प्रसार व प्रचार के लिए पंडित विष्णुदत्त सराहनीय कार्य कर रहें हैं।

# बॉडी बिल्डिंग में चमके खेड़ी गुर्जर के विजयपाल

## गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को सही रास्ता दिखाने का जो सपना देखा है वह पूरा होता जा रहा: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**शिक्षा** का क्षेत्र हो या फिर खेल का मैदान! जिस किसी में उपलब्धि हासिल करने वाले को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम कर रही है। रविवार को खेड़ी गुर्जर गांव की धानक चौपाल में सम्मान समारोह आयोजित कर थाइलैंड के पटाया में आयोजित हुई मिस्टर यूनिवर्स जीपीबीआइ बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में सुडौल शरीर का बेहतर प्रदर्शन कर मैन फिजिक व क्लासिक फिजिक में गोल्ड व प्रो कार्ड जीतने वाले विजयपाल दीवान को सम्मानित किया गया। इस समारोह में देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बॉडी बिल्डर विजयपाल दीवान का माला व होंडा साइन बाइक देकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसको लेकर



धानक समाज ने उनके बेटे विजयपाल को सम्मान देने पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान का आभार व्यक्त किया और कहा वे हर कदम पर उनके साथ खड़े है। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को सही रास्ता दिखाने का जो सपना देखा है वह पूरा होता जा रहा है। हर वर्ग से शिक्षा व

**नाम रोशन किया**

**8 बॉडी बिल्डर विजयपाल ने थाइलैंड के पटाया में आयोजित हुई चैंपियनशिप में जीते दो गोल्ड व प्रो कार्ड – धानक समाज ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का पगड़ी पहनाकर किया सम्मान, बोलें हर कदम पर उनके साथ खड़े**

खेलों में युवा आगे आकर अपने क्षेत्र, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहा है। कादियान ने कहा कि विजयपाल ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। कोई भी बाधा प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है। जरूरत है तो प्रतिभाओं को मौका देने की। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर भी कड़ी मेहनत कर विजयपाल आगे बढ़ रहे है। कादियान ने कहा कि उनकी देवा सोसायटी समाज व जनहित को लेकर लगातार कार्य कर रही है। जिसका जरूरतमंद व गरीब लोगों का लाभ मिल रहा है। वहीं, बॉडी बिल्डर विजयपाल दीवान ने बताया कि गत 20 से 22 अक्टूबर को थाईलैंड के पटाया में हुई मिस्टर यूनिवर्स बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड व प्रो कार्ड जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। उनके प्रदर्शन का सिलसिला अभी जारी है उसका अगला टारगेट अगले साल 2024 जून में कनाडा में होने वाली चैंपियनशिप में गोल्ड जीतना होगा। इसको लेकर सुबह-शाम कई घंटों तक पसीना बहा रहे है। इस अवसर पर विनोद छौक्कर, रेवत फौजी, नेशी सरपंच पहलवान, बसंत कुमार, मोनू बिलंदपुर, राहुल पहलवान, पाले राम, कृष्ण कुमार, अनुज फौजी, दिलशाद, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा इंसान की सबसे अच्छी दोस्तः डा.एपी जैन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
हरि सिंह कॉलोनी में आखिरी बच्चों के लिए चेतना स्कूल का उद्घाटन करते हुए आर्य कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल एवं शिक्षाविद डॉक्टर एपी जैन ने कहा कि दुनिया में मित्रता से बढकर कोई रिश्ता नहीं है और इंसान की सच्ची मित्र शिक्षा ही होती है।० जिसने शिक्षा से मित्रता कर ली वह जिंदगी में कामयाबी की सीढी ?ा चढ़ा है। देश के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा के दम पर ही देश के प्रधानमंत्री बने थे तथा शिक्षा के दम पर ही डॉ एपीजे अब्दुल कलाम देश के राष्ट्रपति पद पर सुशोभित हुए। वहीं आज एक महिला राष्ट्रपति भी शिक्षा की बदौलत ही देश की महामहिम बनी हैं।

# बाबू महावीर प्रसाद जयंती: 56 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महान** स्वतन्त्रता सेनानी बाबू महावीर प्रसाद जैन जी की जन्मजयंती के अवसर पर उनके गाँव शहजादपुर के सरकारी स्कूल में माँ भारती रक्तवाहिनी ने अपने 147वें रक्तदान शिविर का आयोजन गांव के सरकारी स्कूल में हुआ। इस स्कूल का नाम बाबू महावीर प्रसाद जेन के नाम पर हरियाणा सरकार द्वारा किया जा चुका है। शिविर में मुख्यतिथि के तौर पर पहुँचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर पुष्पाजंलि अर्पित की और उनके किये सामाजिक कार्यो के बारे में बताया कि आजादी की लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण सहयोग



रहा और समाज सेवा में उनके द्वारा किये गए कार्यो से सिख लेने की बात कही । साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुचे शहर के जाने माने वकील अजय गर्ग ने कहा कि माता शांता जेन जी अपने पति के पदचिन्हों पर चल कर उनके विचारों को लगातार आगे बढ़ा रही है और रक्तदान शिविरो के माध्यम से जीवन बचाने के पुनीत कार्य मे माँ भारती

**शिविर**

**8 माँ भारती रक्तवाहिनी ने अपने 147वें रक्तदान शिविर का आयोजन गांव के सरकारी स्कूल में हुआ**

रक्तवाहिनी का भरपूर सहयोग कर रही है । एच डी एफ सी बैंक सम्भालखा से नितिन सोनी भी रक्तदान शिविर में सहयोगी रहे । सँस्था संरक्षक पूर्णमल गौड, प्रचार्य रामनिवास शर्मा, पी टी आई जितेंद्र खत्री , पूर्व रेडक्रोस सचिव सुभाष वशिष्ठ ने शिविर में पहुच कर सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र नगर के प्रतिष्ठित श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मान समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर गीता मनीष स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ,थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा, डॉङ्ग ऋषि राज वशिष्ठ (अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति), प्रबंधक अशोक रोशा व प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य अनिल



कुलश्रेष्ठ ने अतिथि गण का परिचय करवाया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। यहां पर अनेक त्यौहार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्तिक मास चल रहा है ,इस माह में दीपावली, अन्नकुट और विश्वकर्मा पूजन आदि अनेक त्यौहार होते हैं। गीता विद्यालय में छात्रों को जो संस्कार दिए जाते हैं उन्हीं के कारण आज छात्र देश-विदेश में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं । वसुधैव कुटुंबकम् ही भारत की पहचान है ।

**भारतीय संस्कृति**

**8 गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है**

विशिष्ट अतिथि थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने भी बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गीता विद्यालय की शिक्षा व संस्कार के कारण ही मैं मै आज इस योग्य बना हूं। गीता स्कूल के पढे हुए छात्र अनेक क्षेत्रों में उच्च पदों पर रहकर देश सेवा कर रहे हैं ।हमें सदैव अपने गुरु व बड़ों का सम्मान करना चाहिए ।गीता विद्यालय संस्कारों की पाठशाला है। इस अवसर पर विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छात्र अपने आचार्य के दिखाए हुए मार्ग का अनुकरण करते हुए अपनी एक विशेष पहचान विश्व पटल पर बना रहे हैं ।उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने भी अपने विचार रखें डीङ्गजीङ्गपीङ्ग संजय कुंडू ने अपने स्कूल के दिनों की यादें सभी से साझा की ।उन्होंने कहा की गीता विद्यालय की शिक्षा व संस्कार के कारण ही मेरे अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास हुआ।

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

**पानीपतः** सब्जी मण्डी स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के भवन में आज एक मीटिंग का आयोजन अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सेठी की अध्यक्षता में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एसपी बंसल व उनकी पत्नी गीता बंसल रहे। गीता बंसल ने कहा कि आज के समय की आवश्यकता है कि हम अपने छोटे बच्चों को अपने धर्म और परम्परा के बारे में बतायें एवं उनमें अच्छे संस्कार उत्पन्न करें ताकि कल को वो देश के अच्छे नागरिक बन सकें। एसपी बंसल ने कहा कि हमें अपने दिन का कुछ समय ध्यान और भजन में लगाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति एवं शक्ति मिलती है।

## न्यूज फ्लैश

### पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाए कार्यकर्ता: स. सुमेर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में मायावती के निदेर्शानुसार चलो गांव की और अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा उपाध्यक्ष रमेश अंबेडकर की अध्यक्षता में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भवन हरी नगर में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव स. सुमेर सिंह रहे। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फुल कुमार नंबरदार ने की। वहीं ग्रामीण अध्यक्ष रामफल सारसर, सेक्टर अध्यक्ष सतीश सरोहा, सेक्टर महासचिव सनी, सेक्टर अध्यक्ष नूरवाला अजय भोरिया, महेंद्र सिंह, दलवीर, सतबीर, बलवान, शत्रुघ्न, रामपाल गंगाराम कॉलोनी, प्रवीन कटारिया हरी नगर, नरेश, कमल, रामफल दीनानाथ कॉलोनी, दीपक कटारिया, कंवर सिंह, जय भगवान, रणधीर सिंह, नानू दास गुलरपुर, बलवान हरी नगर, राजेंद्र प्रधान, समर सिंह हरि नगर, प्रेमचंद भागखेड़ा, राजपाल हरी नगर, राजपाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश सचिव स.सुमेर सिंह का पार्टी कार्यकताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं स.सुमेर सिंह ने कर्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाना कार्यकताओं का काम है। मौजूदा समय में हरियाणा में भाजपा-जजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

### हरियाणा के युवाओं के हितों के लिए सुप्रीम कोर्ट जायेगी जेजेपी: टीपू पौडियां

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन** युवा जिला अध्यक्ष पानीपत एवं प्रदेश प्रवक्ता टीपू पौडियां ने कहा कि हाईकोर्ट के स्टे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे क्योंकि 75 प्रतिशत रोजगार कानून प्रदेश और उद्योगों के हित में है। रोजगार कानून से उद्योगपति और सभी सहमत हैं। जननायक जनता पार्टी हाईकोर्ट के पूरे फैसले का अध्ययन कर रही है और जल्द ही सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इससे पहले भी जेजेपी हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के एक साल बाद रोजगार कानून पर हाईकोर्ट ने दो ऑब्जेक्शन उठाए हैं। उसे दुष्यंत चौटाला स्टडी कर रहे हैं। गठबंधन सरकार का इरादा स्थानीय युवाओं को रोजगार देना और उद्योगों को स्किल्ड युवा देना है। उन्होंने कहा उद्योगों और राज्य सरकार को मिलकर काम करना होगा उद्योगों में लोकल युवाओं के रोजगार होने से रहने और आने-जाने जैसी समस्याएं हल होगी।

### पंचकुला पड़ाव को लेकर भाकपा ने की बैठक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
भगत सिंह स्मारक टीका राम सखुन सभागार में जिला कौंसिल भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की एक विशेष मीटिंग का. सेवा सिंह मलिक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने विस्तार से पिछले काम की रिपोर्ट पेश की। राम रतन सैनी एडवोकेट ने विस्तार से बताया कि सीपीआई व सीपीआईएम, राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा, ट्रेड यूनियन,आल इंडिया किसान सभा, भारतीय खेत मजदूर यूनियन व कर्मचारी संगठनों व खेत मजदूरों के आह्वान पर आगामी 26,27 व 28 नवम्बर 2023 को पंचकुला में होने वाले महापड़ाव में पानीपत जिला से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। सीपीआई के जिला संयोजक व आल इंडिया किसान सभा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य का. माम चंद सैनी, पृथ्वी सिंह सैनी,जय भगवान सैनी, सनोवर राणा, प्रेम सिंह, चंद्रभान, जितेन्द्र पाल सैनी,ओम सिंह, भुपेंद्र कश्यप, कृष्ण लाल सैनी इत्यादि ने विस्तार चर्चा की। जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अमर वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती एवं रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर मल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। सर्वश्रेष्ठ प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत करने के लिए विद्यार्थी हनी सिंह को पुरस्कृत किया गया। मातृभूमि सेवा मिशन के संयोजक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा रानी लक्ष्मीबाई भारत के पहले स्वतंत्र संग्राम की बहादुर



वीरांगना थीं। झांसी की रानी ने अपने जीवन के आखिरी दम तक अंग्रेजों के विरुद्ध बहुत निडरता के साथ लड़ाई की थी। रानी झाँसी की वीरता की कहानियां आज भी बहुत श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जन जन में प्रचलित हैं। मरने के बाद भी झांसी की रानी अंग्रेजों के हाथ में नहीं आई थीं। रानी लक्ष्मीबाई अपनी मातृभूमि के लिए अपनी जान न्यौछावर कर भारत के इतिहास में अमर हो गई। उनका नारा था मै अपनी झांसी नहीं दूँगी। डा. श्रीप्रकश मिश्र ने कहा रानी लक्ष्मीबाई न केवल अदम्य साहस व वीरता की प्रतिमूर्तिं थीं, बल्कि नारी सशक्तीकरण की नींव भी उन्होंने रखीं थीं।

## चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन 23 को

**पानीपत/कमाल हुसैन**
आगामी 23 नवबंर को चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा जन्मोत्सव बडी धूम धाम से मनाया जाएगा। बल्ली छौक्कर, रोशन लाल, बाबूराम छौक्कर ने बताया कि इसको लेकर चुलकाना धाम में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशाल संकीर्तन जो प्राचीन समय से होता आ रहा था तथा कोरोना के बाद बंद कर दिया था। उसकी दोबारा शुरूआत करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। हालांकि मंदिर परिसर में भीड़ अधिक होने के कारण उसको गांव के मैन अड्डे शिव चौक पर करने का फैसला लिया गया है।

# नि:शुल्क मैमोग्राफी टेस्ट शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब नारनौल बेलाज द्वारा रोटरी क्लब गुड़गांव के सहयोग से रविवार को नूनी शेखपुरा मोड़ पर स्थित अग्रवाल नर्सिंग होम में निःशुल्क मैमोग्राफी टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। मैमोग्राफी की जांच के लिए गुड़गांव से एक बड़ी मैमोग्राफी वोल्वो बस व टेक्निशियन की टीम ने नारनौल आकर अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की और प्रोजेक्ट इंचार्ज पूर्व प्रधान हितेंद्र मित्तल की देख रेख में 17 महिलाओं की जांच की। जिनकी रिपोर्ट आने के बाद रोटरी क्लब द्वारा उन्हें सूचित किया जायेगा और किसी भी महिला में बीमारी के लक्षण मिलने पर उन्हें उपचार हेतु



परामर्श दिया जाएगा। शिविर में क्षेत्र की 17 महिलाओं ने इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाकर अपनी जांच करवाई। जांच के उपरांत अग्रवाल नर्सिंग होम की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विदुषी मित्तल शर्मा ने महिलाओं को परामर्श देते हुए बताया कि मैमोग्राफी की जांच स्त्रियों में स्तन कैंसर की पहचान के लिए एक आवश्यक जांच है । शिविर के समापन पर रोटरी क्लब की ओर से टीम के सभी टेक्नीशियन एवं डॉ विदुषी मित्तल शर्मा को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया

**सेवाएं**

**8 मैमोग्राफी की जांच के लिए मैमोग्राफी वोल्वो बस व टेक्निशियन की टीम ने नारनौल आकर नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की**

गया। इस अवसर पर प्रधान नरेश गोगिया, राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, विनय मित्तल, हितेंद्र शर्मा, विजय जिंदल, डॉ चितरंजन मित्तल, राजकुमार चौधरी, हितेंद्र मित्तल, पवन यादव, दिनेश भार्गव, संदीप शुक्ला, सुचेता गोगिया, गीता गोयल, संगीता शर्मा, निर्मल जिंदल, रेखा रावत, ममता गोयल, मुकेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

# जनसंवाद: विधायक कश्यप-बड़ौली ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
**सरकार** की योजनाओं का पूरा लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप व राई से विधायक व प्रदेश के महामंत्री मोहनलाल बड़ौली रविवार को गांव ताजपुर, टिकौला, झुण्डपुर, जगदीशपुर तथा पबसेरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और बची समस्याओं को लेकर उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।
जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के सामने तालाबों के सौंदर्यकरण, बिजली के पोल हटवाने या अन्य कार्य, चौपाल

**जनसुनवाई**

**8 आमजन की शिकायतों का समाधान करवाना है जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य- विधायक रामकुमार**

निर्माण व रिपेयरिंग कार्य, गलियों को पक्का करवाने, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, पेंशन से संबंधित, शमशान शैड बनवाने, पार्क का निर्माण, ओपन जिम बनवाने, स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, पीने की पानी की व्यवस्था, गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था जैसे समस्याएं रखी, जिसपर कार्यवाही करते हुए विधायक ने तुरंत उपस्थित



अधिकारियों को निर्देश दिए इन सभी कार्यों के लिए पंचायत से रेजुलेशन लेकर तुरंत इन कार्यों पर कार्य शुरू करवाएं। इसके अलावा उन्होंने पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान चिरायु व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान कर लोगों को राहत देने का कार्य किया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी मंत्रियों, सांसदों व विधायकों द्वारा विधानसभा क्षेत्रों अनुसार गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं की जानकारी ली जा रही है। सरकार द्वारा लोगों की इन समस्याओं का समाधान करवाना जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। प्रदेश के सभी गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विधायक ने कहा कि देश व प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कदम उठाएं है। पहले के समय में कोई योजना उपर से चलती थी तो उसका लाभ बहुत ही कम पात्र लोगों तक पहुंचता था और हर योजना में भ्रष्टद्दाचार का बोलबाला था। लेकिन केन्द्र में नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश की अधिकतर योजनाओं को ऑनलाईन किया ताकि हर योजनाओं का लाभ पूरी तरह पात्र लोगों की ही मिले और वे विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सके।
इस दौरान विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि आज देश की 54 प्रतिशत आबादी ऐसी है जिन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज 392 योजनाओं का लाभ सीएचसी के माध्यम से घर बैठे ले सकते हैं।

# राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन द्वारा बंसी सिंह पार्क से निकाली गई प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन नारनौल द्वारा 44वी प्रभात फेरी श्री श्याम टावर नजदीक बंशी सिंह पार्क से प्रातः 6:30 बजे बड़ी धूमधाम से निकल गई। यह प्रभात फेरी श्याम टावर परिवार से प्रारंभ होकर गुरु नानकपुरा, मियां की सराय, पीरआगा,परस मौहल्ले से परिक्रमा देते हुए यजमान के निवास स्थान पर समाप्त हुई। सैकड़ो के तादात में पहुंचे पुरुष, महिलाएं पर बच्चों ने राधा नाम का संकीर्तन किया। हर प्रकार के भेदभाव मिटाकर भोर के समय ढोल नगाड़ों की थाप पर राधे नाम की गूंज के



साथ एक नई सुबह का आगाज बड़े आनंद की अनुभूति करवाते हुए पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा था। नारनौल की गलियां ऐसे लग रही थी जैसे वृंदावन की गलियां हो।शुद्ध मन के साथ प्रकृति के हर जीव जंतु को भगवान का स्मरण करने में एक नई ऊर्जा प्राप्त हो रही थी। प्रभात फेरी में लोगों ने ढोल-मंजीरे बजाते हुए राधे-राधे के नारो के साथ ऐसा माहौल बना दिया जैसे श्री भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में लोग झूम-झूम कर नाच-गाकर राधे-राधे को रिझा रहे हो।

# जहांगीरपुरी में निकाली गई विशाल कलश यात्रा







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के ई ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री जय दुर्गा मंदिर समिति जहांगीरपुरी के द्वारा किया गया।

**26 नवंबर तक किया जायेगा कथा का आयोजन:** इस दौरान छोटे लाल और गौरी शंकर माहौर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान वर्षा का आयोजन श्री जय दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज 19 नवंबर से कथा का प्रारंभ हुआ है और यह कथा 26 नवंबर तक चलेगी। कथा के बाद विशाल रूप में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

**बहुताय की संख्या में कलश यात्रा में लोगों ने लिया भाग:** इस दौरान स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह कलश यात्रा का भव्य रूप में

**जानकारी...**

8 छोटे लाल व गौरी शंकर माहौर ने बताया कि 19 नवंबर से 26 नवंबर तक कथा का आयोजन किया जायेगा।

स्वागत किया। साथ ही कलश यात्रा में आए हुए गणमान्य लोगों का समिति के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत भी किया।

**ध्यान पूर्वक करें कथा का श्रवण:** इस मौके पर कथा व्यास पंडित श्री बाबूलाल जी महाराज ने भक्तों को श्रीमद् भागवत के श्रवण के महत्व के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी और कहा की जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते हैं। इसलिए सभी भक्त सत्य का साथ दें क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

**कथा श्रवण से मिलती है मन को शांति:** कथा श्रवण मात्र से ही दुखों का नाश होता है। इसीलिए जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो। वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाएं और कथा का श्रवण करें।

**बड़े-बुजुर्गों का करें सम्मान:** गौरी शंकर माहौर ने बताया कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में सभी को उतरना चाहिए और सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस अवसर पर छोटेलाल, रामेश्वर, राम खिलाड़ी, गौरी शंकर माहौर, बलदेव वोहरा, विशंभर, बंगाली बाबू, किशोरी लाल, बृजमोहन, इंद्र कुमार, विजय बंगाली, महेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनोद लखिया, विजेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, एडवोकेट योगेश लखिया, राजपाल साहू, कुकना भाई, राजेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।




## बरवाला: वत्स ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के सान्निध्य में संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि समूचे विश्व में इंदिरा गांधी का कद निर्विवाद रुप से सबसे उंचा है। प्रधानमंत्री के रुप में उनका कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। दृढ इच्छा शक्ति से परिपूर्ण इंदिरा जी की नेतृत्व क्षमता गजब की थी।

## शालीमार बाग: छठी मईया सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये: ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** के पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि छठी मईयां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है, बस सच्चे मन से छठी मईया की पूजा अर्चना करने की आवश्यकता है।

**छठ पर्व की दी शुभकामनाएं:** श्री ठाकुर ने कहा कि मैं सभी देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देता हूं और छठी मईयां से प्रार्थना करता हूं कि छठी मईया सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

**लोक आस्था का पर्व है छठ पूजा:** पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने



कहा कि अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और लोक आस्था के पर्व छठ पूजा की जानकारी जरूर दे, जिससे की बच्चे अपने त्योहारों और भारतीय संस्कृति को जान सके।

**सत्य की राह पर चलने वाले को**

**पूर्व पार्षद बोले...**

8 अपने बच्चों को संस्कृति और लोक आस्था के पर्व की जानकारी अवश्य ही दें: सुजीत ठाकुर

**मिलती है सफलता:** उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

## 'तुमको अपनी जीत लिखूं' पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कवि संजय** कुमार गिरि की पुस्तक 'तुमको अपनी जीत लिखूं' का लोकार्पण दिल्ली के गाँधी शांति प्रतिष्ठान में हुआ। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच का दसवां वार्षिक उत्सव था। मंच पर आसीन प्रसिद्ध व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय, पूर्व रक्षा सचिव योगेंद्र नारायण, कथाकार बलराम, राज कमल, चंद्रमनी ब्रह्मदत्त, वरिष्ठ साहित्यकार अनूप श्रीवास्तव, साहित्यकार अतुल प्रभाकर मंच के अध्यक्ष रामकिशोर उपाध्याय एवम महासचिव ओम प्रकाश शुक्ल आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

तुमको अपनी जीत लिखूं पुस्तक में कवि संजय के गीत गजल, मुक्तक छन्द आदि पढ़ने को मिलेंगे।



पुस्तक की भूमिका साहित्यकार राम किशोर उपाध्याय ने लिखी है और प्रख्यात शायर इकबाल अशहर, रमेश शर्मा, डॉक्टर रुक्मिणी जैन भीम सेन एवम संजय के गुरुदेव लव कुमार प्रणय ने पुस्तक में शुभकामना संदेश दिया है। पुस्तक शब्दांकुर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है।



छठ घाट पर भक्तों को संबोधित करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## हैदरपुर: छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें: उमेश साहू

**छठ पर्व...**

8 राजधानी दिल्ली के कई इलाको में आस्था का पर्व छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाको में कई छठ घाटों पर भक्तों की भीड़ देखने को मिली। वही, हैदरपुर नहर पर बने छठ घाट पर भी बहुताय की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और छठ मैया की पूजा की। इस मौके पर समाजसेवी उमेश साहू



ने बताया कि छठ मैया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है। जो भक्त सच्चे मन से छठ मैया की आराधना करता है। छठ मैया उसकी अवश्य ही सुनती है, इसलिए सभी सच्चे मन से छठ मैया की आराधना करें।

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सावन पार्क में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सावन पार्क इलाके के रामलीला पार्क में धार्मिक एकता मंच के द्वारा छठ पर्व मनाया गया। यहां पर आकर छठ व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, उत्तम सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी: पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जिंदल ने कहा...**

8 इंदिरा गांधी ऐसी महिला थी जो न केवल भारतीय राजनीति पर छाई रही, बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी वह विलक्षण प्रभाव छोड़ गई।

**टीमएक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस नेता** व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल नें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, आयरन लेडी, स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर अपने आफिस में कांग्रेसी साथियों



के साथ उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि इंदिरा गांधी ऐसी महिला थी जो न केवल भारतीय राजनीति पर छाई रही बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी वह विलक्षण प्रभाव छोड़ गई यही वजह है कि उन्हें लौह महिला के नाम से संबोधित किया जाता है।



भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की असामयिक मृत्यु के बाद 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी भारत की तीसरी और प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी। इसके बाद वह चार बार भारत की प्रधानमंत्री बनी और उनके शासनकाल में देश में चहुंमुखी विकास हुआ। श्री जिन्दल ने उपस्थित लोगो से इंदिरा गांधी के पदचिन्हों पर चलने की अपील की। इससे पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम में इंदिरा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिन्दल के साथ सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव, प्रदीप शौकीन, प्रेमचंद नन्हे, सुरेंद्र सैनी, अमरीश भाई, लालबाबू पासवान, विजेंद्र राणा, होतम सिंह, अनिल कुमार, साहिल सलमानी, हनी शौकीन, नीरज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मोदी-मनोहर सरकार ने क्षेत्रवाद और भ्रष्टाचार से छुटकारा दिलाया: नायब सैनी

**जनता को गुमराह**

**8 पंचकूला नागरिक अभिनंदन समारोह में बोले सैनी- कांग्रेस सालों तक जनता को गुमराह करती रही**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/पंचकूला**

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर के नेतृत्व वाली सरकार ने देश और प्रदेश के लोगों को क्षेत्रवाद, पारिवारवाद, भ्रष्टाचार से छुटकारा दिलाया है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने 9 सालों में गरीबों, पिछड़ों, दलितों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। श्री सैनी ने कहा कि 2014 के बाद मोदी-मनोहर सरकार ने हर क्षेत्र में गजब के काम करते हुए विकास की बुलंदियों को छूआ है। इन साढ़े 9 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का सम्मान विश्व पटल पर उंचा किया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रविवार को पंचकूला स्थित ह्लह्लपंच कमलह्लह्लकार्यालय में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर श्री सैनी ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बौखलाई हुई है और झूठी बातें कर जनता को गुमराह कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के पार्टी कार्यालय ह्लह्लपंच कमलह्लह्ल पहुंचने पर सांसद रमेश कौशिक, जिला प्रभारी एवं मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया सहित अनेक पदाधिकारियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, पार्षदों, मोर्चा, प्रकोष्ठ अध्यक्षों ने बड़ी फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। श्री सैनी ने सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों व सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले देश और प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और क्षेत्रवाद कायम था। जनता ऐसे माहौल से छुटकारा चाहती थी। राजनीतिक लोगों पर से जनता का विश्वास डगमगाने लगा था। श्री सैनी ने कहा कि 2014 में प्रधान सेवक की बागडौर संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों में विश्वास कायम किया। ऐसी-ऐसी योजनाएं चलाई जिनका सीधा लाभ जनता को मिलने लगा। श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन करके 9 सालों में जनता का दिल जीता है।

नायब सैनी ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि ऑनलाइन सिस्टम से घर बैठे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। योग्यता के आधार पर बिना पर्ची और खर्ची के युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में ऐसा तंत्र विकसित किया जिससे भ्रष्टाचार समाप्त हुआ। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गरीबों को अपने इलाज की चिंता नहीं है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड से 5 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने धारा-370 को तोड़कर जम्मू कश्मीर में तीन परिवारों की दुकानदारी बंद की है, जो कहते थे 370 हटी तो खून की नदियां बहेंगी। श्री सैनी ने कहा कि 370 भी टूटी और जम्मू कश्मीर में आज माहौल बहुत अच्छा है। मोदी के नेतृत्व में हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत मजबूत हो रही है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है जिससे देश और प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है और लोगों का जीवन सरल हुआ है।कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए श्री सैनी ने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार आई उसने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कांग्रेस में उसी को नौकरी मिलती थी जो नेता का रिश्तेदार होता था। कांग्रेस के समय में गैस सिलेंडरों के लिए भी लंबी-लंबी लाइनें लगती थी। कांग्रेस झूठ बोलकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। पूर्व सीएम हुड्डा के चार डिप्टी सीएम बनाने के बयान पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि वो जनता को भ्रमित कर रहे हैं। संविधान के हिसाब से 8 से ज्यादा मंत्री नहीं बन सकते। ऐसे क्या श्री हुड्डा संविधान से उपर होकर डिप्टी सीएम बनाएंगे? श्री सैनी ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर कांग्रेस को अपने मनसूबे में कामयाब नहीं होने देना है।

श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में कार्यकताओं का जो जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। आने वाले 2024 चुनाव में हरियाणा में कार्यकताओं के दम और जनता के उत्साह और समर्थन से लोकसभा की दसों सीटों पर कमल खिलेंगे तथा हरियाणा में भी तीसरी बार मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने जैसा चमत्कार भाजपा में ही हो सकता है। भाजपा का कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सकता है। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्री सैनी को बधाई देते हुए सांसद ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की जबदस्त हवा चल रही है। हरियाणा में नायब-मनोहर की जोड़ी लोकसभा की दसों सीटों पर कमल खिलाने में कामयाब होगी और हरियाणा में भी तीसरी बार भारी बहुमत से मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र सरकार और खट्टर सरकार ने 750 किसानों की शहादत पर आज तक भी शोक प्रस्ताव पास नहीं किया: डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/सांपला, रोहतक**

आम आदमी पार्टी का परिवार पूरे प्रदेश में लगातार बढ़ रहा है। इस कड़ी में रविवार को रोहतक में बीजेपी, जेजीपी, कांग्रेस और इनेलो के 100 से ज्यादा पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की उपस्थिति में आयोजित जनसभा में उन्होंने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। कार्यक्रम का आयोजन किसान विंग प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण घुसखानी और डॉ. प्रमिला आर्या ने किया।

इस दौरान दसौर खेड़ी के पूर्व सरपंच कृष्ण नंबरदार इनेलो छोड़कर, पूर्व एमएलए प्रत्याशी प्रदीप सांगवान बहुजन महा पार्टी छोड़कर, जेजेपी से रामकिशन, बीजेपी महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैली शर्मा, पंचायत मेंबर मंजीत, कांग्रेस से राजेश खटक और आशा वर्कर मीना कुमारी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने जनसभा में कहा कि हरियाणा में हर साल 50 हजार करोड़ का घाटा होता है। वहीं प्रदेश की जनता पर लगभग 4 लाख करोड़ का कर्ज है। प्रदेश में न बिजली फ्री, न मेडिकल सुविधाएं फ्री, न शिक्षा फ्री है। फिर भी हरियाणा सरकार ने प्रदेश को कर्जदार बना दिया है। वहीं हरियाणा के एक तरफ दिल्ली है और दूसरी तरफ पंजाब है। दिल्ली और पंजाब के स्कूलों फ्री शिक्षा, फ्री बिजली और फ्री मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि एक सरकार ने सांपला में मंडी तुड़वाने का काम किया था, बीजेपी की सरकार ने मंडियों को परमानेंट बंद करने की साजिश की। 750 किसानों की शहादत के बाद काले कानूनों को वापस लिया गया। बीजेपी की केंद्र सरकार और खट्टर सरकार ने किसानों की शहादत पर आज तक भी शोक प्रस्ताव पास नहीं किया। बीजेपी का किसानों को एमएसपी देने का वादा भी जुमला साबित हुआ। हरियाणा की जनता भी शिक्षित और विकसित हरियाणा चाहती है। ये आजादी की दूसरी लड़ाई है, पहली में गोरों को भगाया और अब इन चोरों को भगाने की बारी है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब और दिल्ली के बाद हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर भाजपा के लिए प्रचार करने राजस्थान गए हुए थे और कह रहे थे कि राजस्थान में भाजपा की सरकार आने पर गरीब परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाएंगे। मैंने सीएम खट्टर से पूछा कि हरियाणा में पिछले 9 साल से भाजपा की सरकार है, 450 रुपए में हरियाणा के लोगों को गैस सिलेंडर क्यों नहीं देते? सीएम खट्टर राजस्थान में जाकर कहते हैं कि गेहूं पर एमएसपी के साथ बोनस देकर 2700 रुपए में खरीद करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर राजस्थान के लोगों को बेवकूफ समझ रहे थे। जबकि हरियाणा में किसानों को 150 रुपए बढ़ा कर देने के बाद भी सिर्फ 2275 रुपए मिलते हैं और राजस्थान के किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल दाम क्यों नहीं मिल सकता। ये लोग केवल सरकार बनने से पहले झूठ बोलते हैं।

उन्होंने कहा अनिल विज कहते है भूपेंद्र हुड्डा के लिए जेल में कमरा तैयार है। आज तक कांग्रेस वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की। कहीं ऐसा तो हो जो कमरा भूपेंद्र हुड्डा के लिए तैयार किया था एक साल बाद अनिल विज को न जाना पड़े। जब आम आदमी पार्टी की सरकार होगी एक एक लूटेरा सलाखों के पीछे होगा।

उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा 300 यूनिट बिजली देने की कह रहे हैं, जब भूपेंद्र हुड्डा 10 साल तक सीएम रहे तब क्यों नहीं दी। तब उनका हाथ किसने पकड़ा था। जब आप सता में थे तब तो लोगों के लिए काम नहीं किया और अब लोगों को बरगला रहे हैं। प्रदेश की जनता समझ चुकी है।आम आदमी पार्टी गढ़ तोड़ने का काम करती है।

### दीनदयाल गोरखपुरिया अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक अग्रविभूति स्मारक अग्रोहा में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सदस्यों से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंघल को संस्था का चेयरमैन नियुक्त किया। इसके अलावा दीनदयाल गोरखपुरिया को जिला अध्यक्ष, वेदप्रकाश जैन को मां माधवी अन्नक्षेत्र सहयोग समिति का अध्यक्ष, सत्यनारायण गोयल को हिसार नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने संस्था की प्रगति कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## इंदिरा गांधी जी का देश की तरक्की व विकास में बहुत बड़ा योगदान है: गर्ग

**इंदिरा की जयंती**

**8 इंदिरा जी ने अपने शासनकाल में बैंकों का 19 जुलाई 1969 को राष्ट्रीयकरण किया: गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की जयंती हिसार कांग्रेस भवन में मनाई गई। जयंती पर भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी जी का जन्मदिन 19 जुलाई 1917 को हुआ। उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू जी देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। बजरंग गर्ग ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिसके कारण उनकी छवि नीडर होकर फैसले लेने वाली आयरन लेडी की बन गई। इंदिरा जी विश्व भर में लोकप्रिय दबंग नेता के रूप में जानी जाती थी। इंदिरा जी 1966 से 1977 तक लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रही। उसके बाद 1980 से 1984 तक प्रधानमंत्री रही। 31 अक्टूबर 1984 को दो सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर इंदिरा जी की हत्या कर दी गई।

इंदिरा गांधी जी ने अपने शासनकाल में 19 जुलाई 1969 को बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर के अलग से बांग्लादेश बनाने का काम किया?। 1984 में ऑपरेशन मेघदूत में सियाचिन पर भारत का कब्जा किया। जिससे पूरे विश्व में भारत देश का काफी प्रभाव पड़ा। इंदिरा जी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम देश में लागू कर कर गांव स्तर पर विकास के रास्ते तैयार किए। उनकी सोच थी कि गांव खुशहाल होगा तो देश अपने आप ही खुशहाल हो जाएगा। इंदिरा जी ने दुनिया में भारत देश को नयी पहचान देने का काम किया।

बजरंग गर्ग ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मैं रहूं या ना रहूं हमारा देश तरक्की करना चाहिए और मैं जब भी मारूंगी मेरे खून का एक-एक कतरा भारत देश के काम आना चाहिए।

## श्री गुरु रविदास समाज कल्याण सभा का समर्थन जन आशीर्वाद रैली को



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

26 नवंबर को समालखा अनाज मंडी में होने वाली जन आशीर्वाद रैली का निमंत्रण देने श्री गुरु रविदास समाज कल्याण सभा पहुंचे भाजपा नेता संजय छौक्कर सभा के पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया। कि जन आशीर्वाद रैली में सभा की ओर से पूरा समर्थन रहेगा संजय छौक्कर ने कहां की सभा में आकर बहुत अच्छा लगा जिस तरह से यह सभा काम कर रही है और समाज और सभा को भी आगे आना चाहिए। जिस तरह से सभा शिक्षा और चिकित्सा सेवा कर रही है यह कबीले तारीफ है उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर 26 नवंबर को समालखा अनाज मंडी में आयोजित रैली में मुख्य अतिथि होंगे हर वर्ग मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए उत्साहित है मुख्यमंत्री भी उस दिन समालखा वासियों को खूब सौगात देंगे। इस अवसर पर प्रधान रामफल कारकोली,सुशील कुमार,सुरेंद्र कुमार,सतबीर चालिया, चंद्रभान, राजेश चोपड़ा,श्रीचंद और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पूजा करने पर मनोकामनाएं पूरी करती है छठी मैय्या

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने वालों की छठ मैय्या मनोकामनाएं पूरी करती हैं। बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व है। रविवार को एक दर्जन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में पूर्वाचलियों को छठ पूजा पर बधाई दी।कविता जैन एवं राजीव जैन कृपाल आश्रम के नजदीक कबीरपुर, बाबा कॉलोनी, चावला कॉलोनी, इंडस्ट्रीयल एरिया, ऋषि कालोनी, मोहन नगर, महलाना नहर, ककरोई नहर, श्रीनगर सहित। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर आज श्रद्धालुओं व व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया को नमन किया है।

## पैट्रोल डलवाकर फरार हुए कार सवार

### कार के शीशे पर लगा था हरियाणा पुलिस का स्टीकर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नेशनल हाईवे पर स्थित गांव झंझाडी के पास इंडियन ऑयल के फिलिंग स्टेशन पर 2 युवक गाड़ी में 4 हजार का पेट्रोल डलवाकर फरार हो गए। युवक वरना गाड़ी में सवार होकर आए थे और गाड़ी पर हरियाणा पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था। साथ ही नंबर प्लेट को भी स्टाइलिश तरीके से ढका हुआ था। पंप कर्मचारियों ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 पर दी। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना बीती रात करीब एक बजकर 44 मिनट की है। पेट्रोल पंप पर वरना गाड़ी आकर रुकी। उसमें 2 युवक सवार थे। उन्होंने पैट्रोल पंप के कर्मचारी को 4 हजार रुपए का पेट्रोल डालने के लिए बोला। गाड़ी में सवार युवक ने कर्मचारी को पानी लाने के लिए कहा और एक कर्मचारी पानी लगाने के लिए चला गया। एक कर्मचारी गाड़ी के सामने वाला शीशा साफ करने लगता है। पानी मांगने के बाद शीशे साफ कर रहे कर्मचारी को कार की नंबर प्लेट से शक होता है। इसके बाद वह गाड़ी के आगे बैरिकेड लगा देता है।पानी पीने के बाद कंडक्टर साइड सीट पर बैठा युवक कार के बाहर आया। उसने हरे रंग की टी-शर्ट, लोवर और स्पोर्ट्स शूज पहने हुए थे। उसने पेट्रोल डालने की वीडियो बनानी शुरू कर दी। सही ढंग से पेट्रोल डलता मिला तो उसने वीडियो बनानी बंद कर दी। उसने कर्मचारियों को उलझाने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद गाड़ी का ड्राइवर भी बाहर आ गया। इसने भी काले रंग की पेंट और ग्रे कलर की शर्ट डाली हुई थी। पैरो में सफेद रंग के जूते पहने हुए थे।

ड्राइवर ने अपने फोन के यूपीआइ से पंप के क्यूआर कोड को स्कैन करके पेमेंट डाली, लेकिन वह पेमेंट अकाउंट में नहीं आई। इसके बाद युवक अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गया। इसके बाद कर्मचारियों ने पैसे अकाउंट में न आने की शिकायत की। कर्मचारी ने ऑफिस में जाकर पेमेंट चेक की। युवकों ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वे अच्छे घर के हैं और सेक्टर 13 में रहते है। पैसे की पेमेंट होने के बाद ही वे यहां से जाएंगे।

## राई गांव में छठ पूजा का पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा किया आयोजन

**पूजा अर्चना**

**8 भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई कार्यक्रम में पहुंचकर की पूजा अर्चना**



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

नगर निगम के वार्ड नंबर 8 गांव राई में छठ पूजा का आयोजन पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा किया गया । जिसमें बतौर मुख्यातिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई पहुंचे । समिति द्वारा भाजपा नेता पुनीत राई का जोरदार स्वागत किया गया । पुनीत राई ने कहा कि सूर्य देव, छठी मैया का यह दिन छठ महापर्व आपके जीवन और मन को खुशियों से भर दे ।आपको सुख , यश, समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना। पुनीत राई ने कहा कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है।इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीघार्यु के लिए किया जाता है। इस अवसर पर गोलू राजपूत, तिवारी, छोटे लाल, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, अनील त्यागी, प्रवेश शर्मा व महिलाएं व बच्चे मौजूद थे ।

## 9 साल में आंगनवाड़ी वर्कर, हैल्पर का मनोहर सरकार ने रखा पूरा ख्याल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

महिला एवं बाल विकास, राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने प्रदेश की आंगनवाड़ी वर्करों, हेल्परों को मानदेय समेत विभिन्न सुविधाओं में बढ़ोतरी करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अच्छे अभिभावक के नाते न केवल देश में सबसे अधिक मानदेय देना सुनिश्चित किया है, बल्कि पूर्व सरकारों से अधिक सुविधा देने का भी काम किया है। सरकार द्वारा दिए जा रहे मान-सम्मान से प्रदेश की हजारों आंगनवाड़ी वर्करों, हेल्परों में अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाने के लिए उत्साह वृद्धि होगी।

आज यहां जारी बयान में महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से अब हरियाणा आंगनबाड़ी वर्करों और हैल्परों को सर्वाधिक मानदेय देने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले नौ साल में हरियाणा सरकार ने आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों के मान-सम्मान को ध्यान में रखते हुए मानदेय में फिर से बढ़ोतरी की है। साल 2014 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 7,500 रुपये मानदेय मिलते थे। मनोहर सरकार ने मानदेय बढ़ाकर 12 हजार 661 किया और अब 1339 रुपये बढ़ाकर मानदेय 14 हजार रुपये मासिक किया जाएगा। 10 साल से कम अनुभव वाली आंगनबाड़ी वर्करों और मिनी-आंगनबाड़ी वर्करों को मिल रहे मानदेय 11 हजार 401 रुपये में 1099 रुपए बढ़ोतरी करके 12 हजार 500 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 6781 रुपये मानदेय में 719 रुपए बढ़ोतरी करके 7500 रुपये मासिक दिया जाएगा। वर्दी भत्ता 800 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 साल के दौरान 10 साल से अधिक अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्करों के मानदेय में 6500 रुपए, 10 साल से कम अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्करों के मानदेय में 5 हजार रुपए, मिनी आंगनवाड़ी वर्करों के मानदेय में 8500 रुपए व आंगनवाड़ी हेल्परों के मानदेय में 4000 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान आंगनवाड़ी वर्करों, हेल्परों को सेवानिवृति के समय सम्मान राशि नहीं दी जाती थी। लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आंगनबाड़ी वर्करों को पहले एक लाख रुपए और याब दो लाख रुपए सेवानिवृत्ति पर देने की घोषणा की है। इसी प्रकार आंगनवाड़ी हेल्परों को सेवानिवृति पर पहले 50 हजार रुपये देने की व्यवस्था की और अब इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये करने का काम किया है।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं फील्ड में रहते हुए अनेको चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर अपना कार्य ईमानदारी और निष्ठा के साथ कर रही हैं, ऐसे में हरियाणा सरकार पूरी तरह से आंगनवाड़ी वर्कर्स के साथ है। आगे भी कार्यकताओं की जरूरतों को देखते हुए उन्हें अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## ट्रक में लटका मिला ड्राइवर का शव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

जिले के सांभली गांव के पास संदिग्ध हालत में ट्रक के अंदर ड्राइवर का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि उसने आत्महत्या की है या हत्या कर उसके शव को फंदे पर लटकाया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

निसिंग थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया की रविवार शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सांभली के पास सडक पर खड़े एक ट्रक की बॉडी में व्यक्ति का शव लटका हुआ है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और साक्ष्य जुटाए।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले 40 वर्षीय प्रवेश के रूप में हुई है। शनिवार को वह गाड़ी में चीनी लोड करके नरवाना गया था। दूसरे लोड के लिए वह तरावड़ी आ रहा था। ट्रक के मालिक सुबह से ड्राइवर के पास फोन कर रहे थे, लेकिन उसका फोन नहीं लग रहा था। ट्रक के मालिक ने बताया कि सुबह जब वह नरवाना से लोड खाली करके वहां से चला था, तभी उससे बात हुई थी। दोपहर तक वह तरावड़ी नहीं पहुंचा तो उसके पास फोन किए, लेकिन उसका फोन बंद जा रहा था।निसिंग थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद प्रवेश की मौत के कारणों का पता लग पाएगा।

